# Govt. Naveen Girls College Baikunthpur

## District- Korea (C.G.)

Affiliated To:Sant Gahira Guru Vishwavidyalaya Sarguja Ambikapur (C.G)

Web Site =www.govtngcbkp.com Email Address = navingirls.bkp@gmail.com Phone No. = 9425256687


**Number of research papers in the Journals notified on UGC website during the last five years with Link to website.**

| 2020-21 | 2019-20 | 2018-19 | 2017-18 | 2016-17 |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 1 | 1 | 2 | 0 |
| www.aadharsocial.com | shodhshreedei@gmail.com<br><br>This is a Research Journal. Who's website is not there. | Madhyabharati.2016@gmail.com<br><br>This is a Research Journal. Who's website is not there. | www.paripex.in<br><br>www.nssresearchjournal.com | - |

Principal

प्राचार्य

शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय

बैकुण्ठपुर, कोरिया छ०ग०

# PARIPEX - INDIAN JOURNAL OF RESEARCH

An International Journal

ISSN NO 2250 - 1991

UGC Sr. No. 47432

A Peer Reviewed, Referred, Refereed & Indexed International Journal

INDEX COPERNICUS IC VALUE : 79.96

Journal DOI : 10.15373/22501991

IMPACT FACTOR - 5.761

Volume : 6 | Issue : 11 | November-2017 | ₹ 500/-

Journal for All Subjects

ISSN NO 2250 - 1991

# PARIPEX - INDIAN JOURNAL OF RESEARCH


## Editor In-Chief

Dr. Khansa Memon
SARA Publishing Academy

## Editorial Advisory Board

| | | |
|---|---|---|
| **Dr.Mathews Plamoottil** | **Dr. (Ms.) Urmila Shrawankar** | **Dr. Nitin D Shah** |
| Head of the Department & Assistant Professor in Zoology, Department of Zoology, Baby John Memorial Govt. College, Chavara, Kollam, Kerala | Associate Professor, Department of Computer Science & Engineering, G H Raisoni College of Engineering, RTM Nagpur University | Dean- Gujarat university, Associate Professor & Head, Statistics Department, Prin. M C Shah Commerce College, Ahmedabad |
| **Dr. Mahipal Singh Shekhawat** | **Dr.Madan Lal Bhasin** | **Dr. R Ganpathy** |
| Assistant Professor, Biotechnology Laboratory, Mahatma Gandhi Govt. College, Mahe, U.T. of Pondicherry- 605 008 | Professor, School of Accountancy, Universiti Utara Malaysia (UUM), Sintok, Kedah, Malaysia | Assistant Professor in Commerce, Directorate of Distance Education, Alagappa University, Karaikudi. |
| **Dr.Alaa Kareem Niamah** | **Dr.Balasaheb Pawar** | **Dr.Ranjit Lingaraj** |
| Basrah University, College of Agriculture, Dept. of Food Science, Basrah City, Iraq | Department of Botany, Shri Muktanand College, Gangapur- 431 109. | Associate Professor and Head, Department of Social Work, NGM College, Pollachi |
| **Prof M. Perumal** | **Dr.Michael Eskay** | **Dr.A.R.Saravankumar** |
| Dept. of Economics, Urumu Dhanalakshmi College, Kattur, Trichy-19. | Department of Educational Foundations, University of Nigeria, Nsukka. | Assistant Professor in Education DDE, Alagappa University, Tamilnadu |


## ADVERTISEMENT DETAILS

| Position | B/w (single Color) | Fore Color |
|---|---|---|
| Full Inside Cover | ₹ 6000/- | ₹ 12500/- |
| Full Page (inside) | ₹ 5000/- | - |

## SUBSCRIPTION DETAILS

| Period | Rate | Discount | Amount Payable |
|---|---|---|---|
| One Year (12 issues) | ₹ 3000/- | Nil | ₹ 3000/- |
| Two Years (24 issues) | ₹ 6000/- | 200/- | ₹ 5800/- |
| Three Years (36 issues) | ₹ 9000/- | 300/- | ₹ 8700/- |
| Five Years (60 issues) | ₹ 15000/- | ₹ 600/- | ₹ 14400/- |

You can download the Advertisement / Subscription form from website www.paripex.in. You will require to print the form. Please fill the form completely and send it to the **Editor, PARIPEX - INDIAN JOURNAL OF RESEARCH** along with the payment in the form of Demand Draft/Cheque at Par drawn in favour of **PARIPEX - INDIAN JOURNAL OF RESEARCH** payable at Ahmedabad.

1. Thoughts, language, vision and examples in published research paper are entirely of author of research paper. It is not necessary that both the editor, and editorial board agrees with the author. The responsibility of the matter of research paper/article is entirely of author.
2. Editing of the **PARIPEX - INDIAN JOURNAL OF RESEARCH** is processed without any remittance. The selection and publication is done after recommendations of at least two subject expert referees.
3. In any condition if any National/International University denies accepting the research paper published in PIJR, then it is not the responsibility of Editor, Publisher and Management.
4. Only the first author is entitle to receive the copies of all co-authors
5. Before re-use of published paper in any manner, it is compulsory to take written permission from the Editor-PIJR unless it will be assumed as disobedience of copyright rules
6. All the legal undertaking related to **PARIPEX - INDIAN JOURNAL OF RESEARCH** is subject to Ahmedabad Jurisdiction.
7. The research journal will be send by normal post. If the journal is not received by the author of research paper then it will not be the responsibility of the Editor and publisher. The amount for registered post should be borne by author of the research paper in case of second copy of the journal.


Editor,
**PARIPEX - INDIAN JOURNAL OF RESEARCH**
303, Maharana Pratap Complex, Opp. Kapadia Guest House, B/H V.S.Hospital, Paldi, Ahmedabad - 380006.
Gujarat (INDIA) | Cell: +91 8866 00 3636, +91 8866 11 3636
Website : www.paripex.in | Email : editor@paripex.in

# INDEX


| SR. NO. | TITLE | PAGE NO. |
|---|---|---|
| 1 | **Impact of Television on the social behaviour of high school children- An experimental study**<br>Divya Kumari K.P, Dr. J.M Chandunavar | 1-2 |
| 2 | **China-Pakistan nexus: Implication on India's Security**<br>Dr. Partap Singh | 3-5 |
| 3 | **Community Service Learning as a Tool to Enhance Life Skills: A Study among School Children**<br>Nirmala, A, Dr. A. Radhakrishnan Nair | 6-9 |
| 4 | **POSITION STATEMENT ANALYSIS - A CASE STUDY OF NESTLE INDIA LTD.**<br>DR. BINOY ARICKAL | 10-12 |
| 5 | **FOREIGN DIRECT INVESTMENT IN INDIA**<br>Moira Singh, Amandeep Kaur Hundal | 13-18 |
| 6 | **MEDI-CLAIM UTILISATION PRACTICES AMONG THE PATIENTS OF PRIVATE HOSPITALS IN COIMBATORE CITY**<br>Mrs. K.S.Uma, Dr. J. Shanmuganandhavadivel | 19-21 |
| 7 | **The Local Government System in India: An Overview**<br>Vootukuri Nagaraju | 22-23 |
| 8 | **EFFECTS OF PSYCHOMOTOR DRILLS WITH PRANAYAMA PRACTICES ON DEPTH PERCEPTION AND EYE HAND CO-ORDINATION AMONG HOCKEY PLAYERS**<br>Mr.P. Muthuveera, Dr.A. Mahaboobjan | 24-25 |
| 9 | **SOFTWARE RELIABILITY - A STUDY**<br>Danda Swathi | 26-28 |
| 10 | **YATHARTH KA AVCHETAN AUR VYANGYA**<br>Dr. Sarita | 29-30 |
| 11 | **N-LIST PROGRAMME : A BOON TO USERS OF COLLEGE LIBRARIES**<br>Harjinder Singh | 31-34 |
| 12 | **Vidhyarthiyo Me Samayojan ki Samasyaye Evam Samadhan**<br>Kiran Varma | 35-36 |
| 13 | **CONSTITUTION OF INDIA AND LANGUAGES.**<br>Samir A. Runja | 37-39 |
| 14 | **Status of ST Women of: A Study**<br>Dr. G. Sandhya Rani | 40-42 |
| 15 | **Micro Finance Through SHG- Bank Linkage Programmein India**<br>Archana Sharma, Anil Kumar Srivastava | 43-46 |
| 16 | **SELF CONCEPT AND TEACHING COMPETENCY OF ELEMENTARY TEACHER TRAINING STUDENTS**<br>Dr R Jeyanthi | 47-48 |
| 17 | **Vimudrikaran ka Samajik Evam Aarthik Prabhav**<br>Dr. RANJNA NEELIMA KACHHAP | 49-50 |
| 18 | **A PERSPECTIVE STUDY ON RURAL DEVELOPMENT UNDER GLOBALIZATION - SOME THREATS AND OPPORTUNITIES**<br>Mrs.V.KANIMOZHI, Dr.N.KANNAN | 51-53 |
| 19 | **ISSUES AND CHALLENGES OF RURAL HEALTH CARE IN INDIA**<br>Dr.N.Kannan, A.Arockiyaraj | 54-55 |

Volume-6 | Issue-11 | November-2017 | ISSN - 2250-1991 | IF : 5.761 | IC Value : 79.96

ORIGINAL RESEARCH PAPER

Economics

# विमुद्रीकरण का सामाजिक एवं आर्थिक प्रभाव

KEY WORDS:

डॉ0 रंजना नीलिमा कच्छप

सहायक प्राध्यापक अर्थशास्त्र, शास. नवीन कन्या महाविद्यालय बैकुण्ठपुर, जिला कोरिया (छ.ग.)

ABSTRACT

जब सरकार पुरानी मुद्रा को कानूनी तौर पर बंद करके नई मुद्रा लाने की घोषणा करती है तो इसे विमुद्रीकरण कहते हैं। इसका उद्देश्य भ्रष्टाचार पर रोक, काला धन वापस लाना, कर चोरी पर प्रतिबंध, एवं आतंकवादी गतिविधियों पर अंकुश लगाना होता है। विमुद्रीकरण के इतिहास से पता चलता है कि अफ्रीकी देश घाना, नाइजीरिया, म्यांमार, सोवियत संघ आदि देशों ने विमुद्रीकरण का कदम उठाया पर सफलता नहीं मिल पायी। भारत में भी इन उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए अब तक के इतिहास में सबसे बड़ा कदम माननीय श्री नरेन्द्र मोदी जी ने उठाया तथा एक ही बार में 86 प्रतिशत मुद्रा जो 500 रू एवं 1000रू के रूप में अर्थव्यवस्था में चलन में थे बंद करने की घोषणा की। फलस्वरूप अध्ययन एवं आंखों देखी खबर से पता चलता है कि पूरे देश में अफरा–तफरी का आलम नजर आने लगा अर्थव्यवस्था लगभग थोड़े समय के लिए थम सी गयी। लोग मुद्रा के पीछे भागते हुए नजर आये। इससे डिजिटल लेन–देन में वृद्धि हुई, कर चोरी कम हुई एवं राजकोषीय आय में वृद्धि हुई। दूसरी ओर गरीबों व किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ा साथ ही आर्थिक विकास दर में कमी के साथ अर्थव्यवस्था में मंदी देखी गयी। नोटबंदी के सकारात्मक एवं नकारात्मक दोनों ही प्रभाव देखने को मिले।

अध्ययन का उद्देश्य –

1. विमुद्रीकरण के उद्देश्यों की जानकारी प्राप्त करना।
2. विमुद्रीकरण के प्रभावों का अध्ययन करना।

प्रस्तावना

जब सरकार पुरानी मुद्रा (currency) को कानूनी तौर पर बंद कर देती है एवं नई मुद्रा लाने की घोषणा करती है तो इसे विमुद्रीकरण कहते हैं। दूसरे शब्दों में किसी देश में कालेधन की एक समानान्तर अर्थव्यवस्था खड़ी हो जाती है एवं जाली मुद्रा की मात्रा अत्यधिक बढ़ जाती है तब नोटबंदी अर्थात विमुद्रीकरण किया जाता है जिसके अन्तर्गत वर्तमान मुद्रा को तत्काल प्रभाव से बंद कर नई मुद्रा जारी की जाती है। प्राचीन काल के आचार्य चाणक्य से लेकर आधुनिक काल के भीमराव अम्बेडकर तक ने नोटबंदी को अर्थव्यवस्था का मुख्य चरण बताया है। जिससे किसी भी देश की अर्थव्यवस्था में नवजीवन की उत्पत्ति होती है।

विमुद्रीकरण का इतिहास–

1946 में 500 एवं 1000 तथा 10,000 के नोटों को बंद करने का फैसला लिया गया था। 1970 के दशक में भी प्रत्यक्ष कर की जाँच से जुड़ी वांचू कमेटी ने विमुद्रीकरण का सुझाव दिया था किन्तु सुझाव सार्वजनिक होने के कारण नोटबंदी नहीं हो पायी।

1978 में मोरारजी देसाई की जनता पार्टी सरकार ने एक कानून बनाकर 1000, 5000 एवं 10,000 के नोट बंद कर दिये। हलांकि तत्कालीन गवर्नर आई जी पटेल ने इस नोट बंदी का विरोध किया था।

विश्व के आधुनिक इतिहास में नोटबंदी का कदम सबसे पहले अफ्रीकी देश घाना में उठाया गया था। 1982 में टैक्स चोरी व भ्रष्टाचार रोकने के उद्देश्य से 50 SD के नोटों को बंद कर दिया गया था। इससे वहां के नागरिकों को अपने ही देश की मुद्रा से विश्वास उठ गया था। वहां की जनता ने विदेशी मुद्रा एवं जमीन जायदाद का सहारा लिया जिससे न सिर्फ बैंकिंग सिस्टम को नुकसान पहुंचा बल्कि विदेशी मुद्रा पर काला बाजारी बढ़ गया।

1984 में नाइजिरिया ने कदम उठाये परिणामस्वरूप कर्ज में डूबी व महंगाई तले दबी अर्थव्यवस्था को राहत नहीं मिल पायी थी।

1987 में म्यांमार कालाबाजार को काबू में करने के उद्देश्य से 80 फीसदी मुद्रा को अवैधित कर दिया इस कदम के प्रति जनता में काफी नाराजगी एवं गुस्सा दिखाई दिया और यह सफल नहीं हो पाया।

2005 में मनमोहन सिंह की सरकार ने 2005 के पहले के 500 के नोटों का विमुद्रीकरण कर दिया था।

8 नवम्बर 2016 को भारत देश में ऐसा ही कुछ देखने को मिला। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने एकाएक 500रू0 एवं 1000रू0 के नोट बंद करने की घोषणा की। सरकार द्वारा देश की जनता को पुराने नोटों को बैंकों से बदलने के लिए समय सीमा भी दी गयी। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के अनुसार 31 मार्च 2016 तक भारत में 16.42 लाख करोड़ रू0 मूल्य के बराबर नोट बाजार में थे जिनमें से करीब 14.18 लाख करोड़ रू0 500 एवं 1000 के नोटों के रूप में थे। अर्थात कुल रूपयों का लगभग 86 फीसदी हिस्सा अचानक बंद कर दिया गया। परिणामस्वरूप धनी वर्गों से लेकर राजनीतिज्ञ, आतंकवादियों, नक्सलियों तथा हवाला कारोबारियों में अफरा–तफरी मच गयी। इतना बड़ा कदम विश्व के इतिहास में पहली बार उठाया गया।

अध्ययन का उद्देश्य –

1. **विमुद्रीकरण के उद्देश्यों की जानकारी प्राप्त करना।**
2. **विमुद्रीकरण के प्रभावों का अध्ययन करना।**

**अध्ययन पद्धति** – **प्रस्तुत शोध पत्र प्राथमिक एवं द्वितीयक अध्ययनों पर आधारित है।**

पूर्व शोध–पत्रों एवं विचारों का अध्ययन –

1. पिंकी रमील, डा0 विवेक सैनी – इन्होंने "विमुद्रीकरण एक पैलियेटिव या पेनासी" विषय पर अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया जिसमें कहा गया है कि विमुद्रीकरण से न केवल देश के भीतर बल्कि पूरे विश्व में रूपये की स्वीकार्यता एवं प्रतिष्ठा में निश्चित ही तेज गिरावट आयी है। यद्यपि विमुद्रीकरण का निर्णय अपरिहार्य रूप से आर्थिक व लोक प्रशासन के वैश्विक सिद्धांतों के रूप में पूर्णतः विफल रहा है। पांच राज्यों के चुनाव पर जो परिणाम आये वो राजनीतिक अर्थव्यवस्था की ओर इशारा करते हैं। भ्रष्टाचार उन्मूलन का उद्देश्य कठोर कदमों के माध्यम से नहीं बल्कि अधिनियमों, कानूनों और नियमों के सरलीकरण से हासिल किया जा सकता है।
2. डॉ0 सुब्बाराव – रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर डॉ0 सुब्बाराव ने कहा कि नोटबंदी का पड़ेगा सकारात्मक प्रभाव। इन्होंने कहा कि अल्पकाल के लिए 500 एवं 1000 के नोटों पर पाबंदी वृद्धि को प्रभावित कर सकती है। यदि सरकार और रिजर्व बैंक जितनी तेजी एवं प्रभावी तरीके से स्थिति के प्रबंधन में सफल रहता है उसका उतना ही कम विपरित प्रभाव पड़ेगा। नई मुद्रा के चलन में आने से सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।
3. डॉ0 प्रणव मुखर्जी – राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी नोटबंदी के फैसले पर पहले दिन से ही सरकार के साथ हैं। लेकिन सरकार को आगाह किया कि नोटबंदी की वजह से गरीबों की परेशानियां बढ़ी हैं इसलिए यह आवश्यक है कि उन्हें तत्काल प्रभाव से सहायता मुहैया करायी जाय।

विमुद्रीकरण के उद्देश्य –

विमुद्रीकरण के संबंध में आम धारणा यह है कि पुरानी मुद्रा को बंद कर नई मुद्रा जारी की जाती है, पर अपनी नजरों से अर्थव्यवस्था में भारी उथल–पुथल की स्थिति पहली बार देखने को मिला अतः मन में जिज्ञासा भी उत्पन्न होने लगी कि किन–किन उद्देश्यों की पूर्ति के लिए मोदी सरकार ने इतना बड़ा कदम उठाया तथा सामान्य जन–जीवन पर इसका कैसा प्रभाव पड़ेगा। अध्ययन से उपलब्ध जानकारी –

1. **कालाधन समाप्त करने के लिए** –सामान्य तौर पर पर्दे के पीछे हुए लेन–देन को हम काला धन कहते हैं। चूंकि 86 फीसदी रूपये 500 एवं 1000 के नोट के रूप में थे तो अधिकांश लोगों ने काला धन के रूप में इन नोटों को अपने पास रखा होगा। इस घोषणा से काला धन अवैध हो जायेगा एवं उसे वैध करने के लिए लोग विभिन्न तरह के उपाय अपना सकते हैं।
2. **भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए** –भारतीय उद्योग परिसंघ (सी0आई0आई0) ने कहा कि विमुद्रीकरण का भारतीय अर्थव्यवस्था पर सकारात्मक असर पड़ेगा। इससे कई दशकों से जड़ जमाए भ्रष्टाचार से निपटने में सहायता मिलेगी एवं इसमें कमी आयेगी।
3. **नकली नोटों को चलन से बाहर करना** – नोटबंदी का एक उद्देश्य यह भी है कि जो नकली नोट चलन में ला रहे हैं उनके पास भी 500 एवं 1000 के नकली नोट होंगे वह भी एकाएक बंद हो जायेगा जिससे वह चलन से बाहर हो जायेगा।
4. **आतंकवादी गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए** –अर्थव्यवस्था से 86 प्रतिशत मुद्रा अवैध घोषित कर दिया गया। देश में आतंकवादी गतिविधियां भी इन्हीं मुद्राओं के जरिए फल–फूल रहे थे, नोटबंदी होने से इन गतिविधियों पर भी रोक लगायी जा सकेगी।
5. **नगद लेन–देन को हतोत्साहित करना** – अर्थव्यवस्था में सरकार जनता से एकाएक 86 फीसदी मुद्रा अपने हाथ में ले रही है इससे जनता के हाथों नगद

मुद्रा कम हो गयी। जिससे लेन–देन हतोत्साहित हुआ एवं बाजार में क्रय एवं विक्रय में मंदी देखी गयी।

### विमुद्रीकरण के प्रभाव

1. **विमुद्रीकरण के सकारात्मक प्रभाव –**

1. **देश में शांति का वातावरण निर्मित** – मुद्रा के कारण जो अशांति फैली थी वह रूक सी गयी थी। देश में आतंकी, नक्सली सब ठंडे पड़ चुके थे। इसका प्रत्यक्ष उदाहरण हमें कश्मीर में शांति का माहौल दिखाई दे रहा था।
2. **जाली नोटों का चलन बंद** – विमुद्रीकरण से जाली नोटों का चलन बंद हो जायेगा और देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी।
3. **जनता का बैंकों के प्रति जागरूकता में वृद्धि** – नोटबंदी के बाद कई ऐसे लोग मिले जिन्होंने कभी एटीएम से पैसे नहीं निकाले थे अब वो एटीएम से पैसे निकालना सीख रहे थे तथा कई लोग बैंक नहीं जाते थे अब बैंक जाने लगे थे। इससे जनता में बैंकों के प्रति जागरूकता में वृद्धि हुई।
4. **कर की चोरी पर रोक** – हमारे आंखों देखे हाल है। इतने वर्षों से कई व्यावसायी एवं लोग भी अपनी आय कम बताकर कम टैक्स देते थे। जिससे सरकार को कम आय की प्राप्ति होती थी। अब नोटबंदी से अपने पास जमा धन बैंको में जमा करने के साथ टैक्स भी देने पड़ रहे हैं। 2016 में साढ़े तीन करोड़ लोगों के पास ही पैन नं० था किन्तु एक साल में इसकी संख्या बढ़कर 33 करोड़ हो गयी। 23 लाख 60 हजार करदाताओं की संख्या 22 हजार 173 करोड़ रूपये टैक्स वसूली टॉरगेट तथा 3 लाख 50 हजार नोटबंदी के बाद करदाता जुड़े यह स्थिति छत्तीसगढ़ एवं मध्य प्रदेश की है। इससे सरकार को आय की प्राप्ति होगी एवं देश का विकास होगा।
5. **डिजिटल लेन–देन में वृद्धि** – नोटबंदी के कारण जनता के हाथों से नगद मुद्रा छिन ली गयी है। अपनी आवश्यकता की चीजें भी लेने के लिए नगद मुद्रा नहीं थी। ऐसी स्थिति में जनता का रूझान डिजिटल लेन देन की ओर बढ़ता दिखाई दे रहा है। एक साल में डेढ़ गुना वृद्धि देखी गयी। नोटबंदी के पहले 2016 में 70.21 करोड़ सौदे डिजिटल लेन–देन से हुए थे लेकिन बाद में यह लगभग 113 करोड़ पहुंच गयी।
6. **राजकोषीय घाटे में कमी** – विमुद्रीकरण से लोगों के हाथों से पैसा बैंक में जमा हो रहा है एवं जमा धन जिसका पहले कोई लेखा–जोखा नहीं था। अब टैक्स सहित बैंक में जमा होने लगे हैं जिससे राजकोषीय धन में वृद्धि देखी जा रही है जिससे घाटे में कमी आ रही है। कुल कर राजस्व 18 प्रतिशत से बढ़कर 17.1 लाख करोड़ पहुंच गया।
7. **सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि की संभावना**– नोटबंदी से सकल घरेलू उत्पाद का 0.5 प्रतिशत 65 हजार करोड़ रूपये टैक्स के रूप में प्राप्त हो सकती है। जिसका उपयोग आधारभूत ढांचे के निर्माण में किया जा सकता है।
8. चुनावों में धन का प्रभाव कम होगा क्योंकि नगद मुद्रा की कमी है।
9. मजदूर वर्ग खुश था क्योंकि उसका शोषण करने वाले मालिक का काला धन बाहर आ रहा था।
10. नोटबंदी के बाद 100 दिनों में 2.26 करोड़ नए जनधन खाते खुले तथा तीन महीनों में 19084 करोड़ रूपये खातों में जमा हुए।

2. **विमुद्रीकरण के नकारात्मक प्रभाव –**

1. **अस्थायी मंदी** –विमुद्रीकरण से जनता के हाथों से नगद मुद्रा ले लिए जाने पर कारोबार एवं व्यवसाय पर विपरित असर दिखाई दे रहा है। जनता द्वारा लेन देन न करने के कारण व्यापारियों के कारोबार में भी सुस्ती नजर आयी एवं कुछ समय के लिए तो ऐसा लगा जैसे मानो अर्थव्यवस्था थम सी गयी है।
2. **गरीबों के हित में नहीं** – निम्न तबके के लोगों के पास पहले से ही नोटों की कमी रहती है। किसी प्रकार वे अपना गुजारा करते हैं। नगद मुद्रा भी छिन जाने पर उन्हें भारी मुसीबतों का सामना करना पड़ा। एटीएम से भी 2000 के नोट निकलने से जिनके पास कुल 2000 रूपये भी न हो तो वह कहां से पैसे लावे साथ ही जिसने पैसे निकाल भी लिए तो वस्तुओं को क्रय करने में परेशानियों का सामना करना पड़ा।
3. **बेरोजगारी में वृद्धि** – नोटबंदी का व्यापार, व्यवसाय, कारोबार सभी पर विपरित प्रभाव पड़ने के कारण कई लोगों का रोजगार छिन गया। बेरोजगारों के पास काम नहीं होने से आर्थिक तंगी सामने आ रही है साथ ही छोटे कारोबारियों का धंधा प्रभावित होने के कारण वे भी बेरोजगार हो गये। अर्थव्यवस्था में नोटबंदी के बाद बेरोजगारी में भी वृद्धि देखी गयी।
4. **निजि क्षेत्र में गिरावट** – आईएचएस मार्केट की अर्थशास्त्री एवं सर्वे रिपोर्ट तैयार करने वाली पौलीयाना डी. लीमा ने कहा कि भारतीय सर्विस सेक्टर के लिए 2016 का अंत काफी धीमा रहा है। पीएमआई इंडेक्स के संकेतानुसार इस क्षेत्र की कंपनियों में अक्टूबर–दिसंबर तिमाही की औसत गतिविधियां साल 2014 की शुरूआत के बाद न्यूनतम स्तर पर आ गयी हैं।
5. **विकास दर का घटना** – नोटबंदी के कारण वित्त वर्ष 2016–17 की चौथी तिमाही में जीडीपी ग्रोथ अर्थात आर्थिक विकास दर घटकर 7.1 फीसदी का अनुमान लगाया गया पर बाद में यह 6.7 फीसदी ही रही। जबकि 2016 में यह 8 फीसदी था।
6. **ग्रामीणों का शोषण** – ग्रामीणों को डिजिटल लेन देन की जानकारी नहीं होने के कारण कई मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। कई लोगों के खातों से उनकी जानकारी के बिना पैसे दूसरे निकाल ले गये। इस तरह आर्थिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।
7. **जाली नोटों का चलन बंद न होना** – कुछ समय के लिए ऐसा लगा जैसे जाली नोटों का चलन बंद हो गया पर अर्थव्यवस्था में जाली नोटों का चलन बंद नहीं हुआ पुनः 500 एवं 2000 के जाली नोटों का चलन प्रारंभ हो गया।
8. **कृषक वर्गों पर विपरित प्रभाव** – किसान वर्ग दुखी था क्योंकि वह अपनी फसल के लिए बीज, रासायनिक खाद, कीटनाशक दवाईयों को रुपये के अभाव में आसानी से नहीं खरीद पा रहा था। संचित पूंजी भी खतरे में नजर आ रही थी क्योंकि लोगों का खाता बैंक में नहीं था।
9. महिलाओं की बचत प्रवृत्ति पर विपरित प्रभाव – महिलाओं द्वारा छिपाकर 500 व 1000 के नोट जो बचाकर रखे गये थे उस पर विपरित प्रभाव पड़ा। रकम राशि बैंक में जमा करनी पड़ी जो अब तक सही लाइन नहीं पा सकी।
10. **पर्यटन उद्योग पर विपरित प्रभाव** – नोटबंदी के कारण पर्यटन उद्योग पर विपरित प्रभाव पड़ा क्योंकि विदेशी सैलानियों की आवक देश में कम देखी गयी।
11. हाउसिंग लोन की ग्रोथ में कमी आयी, ब्याज दर में कमी आयी।

### निष्कर्ष –

विमुद्रीकरण से पूरी अर्थव्यवस्था में उथल–पुथल सी मच गयी। यह कहना अतिश्योक्ति नहीं होगा कि अर्थव्यवस्था में नव जीवन की उत्पत्ति हुई है। इससे डिजिटल लेन–देन में वृद्धि हुई, कर चोरी पर प्रतिबंध, बैंकों के प्रति जागरूकता, राजकोषीय घाटे में कमी, सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि आदि के रूप में सकारात्मक प्रभाव पड़े एवं कृषक वर्ग, पर्यटन उद्योग, ग्रामीणों का शोषण, विकास दर का घटना, बेरोजगारी में वृद्धि, निजी क्षेत्रों में गिरावट के रूप में नकारात्मक प्रभाव पड़े हैं। अर्थतंत्र में सारे काम काज प्रभावित हुए हैं पर धीरे धीरे नई मुद्रा के चलन में आने से अर्थव्यवस्था में गति आती दिखाई दे रही है ऐसा माना जा रहा है कि नोट बंदी से संगठित क्षेत्र का विस्तार होगा एवं दीर्घकाल में इसके फायदे देश को मिलेंगे। वर्तमान में नकदी पर अंकुश एवं कर अनुपालन में सुधार से सरकार का खजाना भरता नजर आ रहा है। अप्रैल से अक्टूबर के दौरान प्रत्यक्ष कर संग्रह में 15.2 प्रतिशत की शुद्ध वृद्धि हुई है।

### सुझाव –

1. **छोटे नोटों की संख्या में वृद्धि करनी चाहिए–**
   सरकार को छोटे नोटों की संख्या में वृद्धि करनी चाहिए। ताकि नगद मुद्रा गरीब उपभोक्ता के हाथों तक पहुंच सके। जिससे वे अपनी अनिवार्य आवश्यकताओं की चीजों को खरीद सकें।
2. **रोजगार उन्मूलन कार्यक्रमों पर व्यय–**
   रोजगार उन्मूलन कार्यक्रमों पर अधिक व्यय करना चाहिए जिससे बढ़ती बेरोजगारी पर अंकुश लगाया जा सके एवं पैसे गरीबों के हाथों तक पहुंच सके। शायद मनरेगा पर 38 हजार करोड़ से 48 हजार करोड़ रूपये बजट में देने की यही मंशा सरकार की है।
3. **डिजिटल लेन–देन के लिए लोगों को जागरूक करना –**
   डिजिटल लेन–देन के लिए लोगों को जागरूक करने की आवश्यकता है ताकि वे आसानी से एवं स्वयं द्वारा लेन –देन कर सकें एवं किसी भी प्रकार से शोषण के शिकार न हों।
4. **भ्रष्टाचार उन्मूलन के लिए कानूनों व नियमों का सशक्तीकरण किया जाना आवश्यक है।**

### संदर्भ ग्रंथ


1. नई दुनिया, 6 जनवरी 2017, पेज नं0 1 एवं 06। 8 नवम्बर 2017 पेज नं0 2।
2. नवभारत, 2 जून 2017, पेज नं0 4। 8 नवम्बर 2017 पेज नं0 1।
3. दैनिक भास्कर, 8 नवम्बर 2017 पेज नं0 1।
4. अग्रवाल, प्रमोद कुमार, (2016) उदय इंडिया, विमुद्रीकरण का भारत की अर्थव्यवस्था पर प्रभाव।
5- http://khabar.ndtv.com
6- http://www.bbc.com/hindi/india-37914344

olume III, Issue XXI
January to March 2018
U.G.C. Journal No. 64728

RNI No. – MPHIN/2013/60638
ISSN 2320-8767, E-ISSN 2394-3793
Impact Factor - 5.110 (2017)

# Naveen Shodh Sansar

(An International Multidisciplinary Refereed Journal)
(U.G.C. Approved Journal)




# नवीन शोध संसार

Editor - Ashish Narayan Sharma

Office Add. "Shree Shyam Bhawan", 795, Vikas Nagar Extension 14/2, NEEMUCH (M.P.) 458441, (INDIA)
Mob. 09617239102, Email : nssresearchjournal@gmail.com, Website www.nssresearchjournal.com

22. GST And Its Social Economical Impact On Indian Market (Pankaj Kushwah) ........................ 61

23. Role Of Youth In Product Promotion Through Social Networking Sites ........................ 63
(Dr. Vikas Jain, Nafees Uddin Siddiqui)

24. निमाड़ क्षेत्र में पर्यटन उद्योग विकास एवं संभावनायें (शिल्पी गुप्ता) ........................ 66

25. भू-राजस्व प्रवृत्तियों का आलोचनात्मक अध्ययन - इंदौर जिले के संदर्भ में (डॉ. आशीष पाठक, शीतल सोलंकी) ...... 69

26. बैंकों की गैर निष्पादनकारी सम्पत्तियों (एनपीए) का प्रबन्ध (दिवाला एवं शोधन अराक्षमता संहिता ........................ 72
(Insolvency and Bankruptcy Code) 2016 के विशेष सन्दर्भ में) (डॉ. मनोज महाजन)

27. ग्रामीण बैंकों के माध्यम से रोजगार एवं साख की पूर्ति - एक अध्ययन (बड़वानी जिले के संदर्भ में) ........................ 75
(ज्योति भरडे, डॉ. सपना सोनी)

28. कृषि विकास की चुनौतियाँ (डॉ. कृष्ण कुमार साकेत) ........................ 78

29. मध्य प्रदेश के बड़वानी जिले में विशेष केन्द्रीय सहायता, शासकीय योजना से लाभान्वित अनुसूचित जनजाति .......... 80
हितग्राहियों का आर्थिक अध्ययन (डॉ. एन. एल. गुप्ता, जयराम बघेल)

30. जैव विविधता और आर्थिक विकास (डॉ. दयाराम साहू ) ........................ 82

31. भारत में बैंकिंग विकास की अवस्थाएँ (दीपिका यादव) ........................ 84

32. भारत के विकास में महानदी कोलफील्ड लिमिटेड की भूमिका (डॉ. दीपचंद भावरकर) ........................ 86

33. अटल सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विस लिमिटेड (लाभदायकता और सामाजिक उत्तरदायित्व पूर्ति हेतु सुझाव)(डॉ. धीरज शर्मा) ..... 88

34. आर्थिक विकास के पर्यावरणीय मुद्दे (क्रितिका सिंह, रूपेश द्विवेदी) ........................ 90

35. Sustainable Environment Development (Dr. Rashmi Gupta) ........................ 91

36. शासकीय रोजगार योजनाओं के अंतर्गत अनुसूचित जाति एवं जनजाति के युवाओं को उद्यमिता के माध्यम .............. 93
से रोजगार के अवसर (अजाब खातरकर)

37. मुद्रा स्फीति तथा मूल्य वृद्धि का विभिन्न उपभोक्ता वर्गों पर प्रभाव (डॉ. रंजना नीलिमा कच्छप) ........................ 95

38. भारत में सूचना प्रौद्योगिकी उद्योग का वर्तमान परिदृश्य विकास एवं चुनौतियाँ (डॉ. निशा मिश्रा, मोनिका मिश्रा) ....... 101

39. सामाजिक, आर्थिक, धार्मिक और भाषायी विविधता तथा भारतीय संविधान (डॉ. संजय कुमार साकेत) ................ 105

40. आर्डिनेंस फैक्ट्री जबलपुर में कार्यरत श्रमिकों का रोजगार एवं कार्य की दशाओं का अध्ययन - वर्तमान परिपेक्ष्य में ... 108
(डॉ. सुनीता कुशवाहा)

41. टाइगर रिजर्व में पारिस्थितिकी पर्यटन के प्रभाव का आर्थिक विश्लेषण - सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के सन्दर्भ में ............ 111
(डॉ. आर. डी. सिंह, श्रद्धा मोरसिया)

42. भारतीय अर्थव्यवस्था में विमुद्रीकरण 'प्रभाव एवं भविष्य' (डॉ. प्रमोद भारतीय) ........................ 115

43. क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक के हितग्राहियों का आर्थिक मूल्यांकन (मध्यांचल ग्रामीण बैंक के विशेष संदर्भ में) ........................ 119
(शिल्पी श्रीवास्तव, डॉ. एस.एस. विजयवर्गीय)

44. विश्व व्यापार संगठन (WTO) एवं भारतीय कृषि -चुनौतियाँ एवं संभावनाएं (डॉ. ए. के. पाण्डेय, डॉ.गरिमा सिंह) ..... 122

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 5.110 (2017) January To March 2018, Vol. III 

# मुद्रा स्फीति तथा मूल्य वृद्धि का विभिन्न उपभोक्ता वर्गों पर प्रभाव

डॉ. रंजना नीलिमा कच्छप *

**शोध सारांश** – विश्व के अधिकांश देशों के सामने गरीबी, बेरोजगारी, असमानता जैसी समस्याओं के साथ-साथ मुद्रा स्फीति तथा महंगाई की समस्यायें भी विद्यमान है। देश की जनता अपनी सरकार से मांग करती है कि उसे कम मूल्य पर दैनिक उपभोग की वस्तुऐं मुहैया करायी जाय। लोग आय में वृद्धि की मांग करते हैं। पर विकासशील देशों में धन की कमी के कारण सफलता नहीं मिलती। घाटे की अर्थव्यवस्था के कारण सरकार उस घाटे को अधिक नोट छापकर पूरा करती है। जिससे मुद्रा की मात्रा बढ जाती है एवं मुद्रा प्रसार के कारण महंगाई बढ जाती है। भारतीय अर्थव्यवस्था में देखा जाय तो नोटबंदी के बाद मुद्रा की मात्रा में कमी आयी थी किन्तु अब धीरे धीरे अर्थव्यवस्था पटरी पर आ गयी। नोटों की पर्याप्तता के साथ नौकरीपेशा वर्ग की आय में वृद्धि होने के साथ मुद्रा की मात्रा व महंगाई दोनों में वृद्धि देखी जा सकती है। रसोई गैस, पेट्रोल, खाद्य पदार्थों की कीमतों में निरंतर वृद्धि हो रही है। देश में विभिन्न आय वर्ग के लोग रहते हैं जैसे – उच्च आय, मध्यम आय तथा निम्न आय वर्ग। बढती महंगाई गरीब जनता का पेट काटती है, मध्यम वर्ग की आवश्यकताओं में कटौती करती है तथा धनी वर्ग के लिए आय का स्त्रोत उत्पन्न करती है। सभी वस्तुओं के मूल्य इतनी तेजी से बढ रहे हैं कि आम आदमी का जीवन निर्वाह दूभर होता जा रहा है। मूल्य वृद्धि का कारण उत्पादन मे कमी, सिंचाई सुविधाओं का अभाव, गोदामों में अनाजों का सडना तथा कालाबाजारी एवं वस्तुओं की मांग पूर्ति में असंतुलन आदि पाया गया। अध्ययन से पता चलता है कि मुद्रा की मात्रा, उपभोक्ताओं की आय, खाद्य पदार्थों एवं सब्जियों तथा ईंधन के मूल्य में वृद्धि हुई है तथा उपभोक्ताओं की वास्तविक आय एवं वस्तुओं को उपभोग करने की क्षमता कम हुई।

**प्रस्तावना** – किसी भी देश या राज्य के आर्थिक विकास में वहाँ रहने वाली जनता का महत्वपूर्ण योगदान होता है। 'मुद्रा स्फिति या मुद्रा प्रसार आधुनिक आर्थिक अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण तत्व है। एक सीमा तक मुद्रा स्फिति मानव के लिए लाभदायक है तो एक सीमा के बाद यह खतरनाक अभिशाप है। सामान्य अर्थों में देखा जाय तो मुद्रा स्फिति वह दशा है जिसमें वस्तुओं एवं सेवाओं की कीमतें बढती हैं तथा मुद्रा का मूल्य घटता है।'' साधारण शब्दों में कहें तो मुद्रा की कीमत में कमी होना मुद्रा स्फिति है इसे महंगाई भी कह सकते हैं अर्थात वस्तु की कीमत में वृद्धि होना और मुद्रा की कीमत कम होना। उदाहरण के तौर पर कहा जा सकता है कि छ: महीने पहले देखा जाय तो एक गैस सिलेण्डर एवं एक लीटर पेट्रोल खरीदने के लिए हमें क्रमश: 600 रू0 व 62 रू0 देने होते थे वर्तमान में उन्हीं वस्तुओं को खरीदने के लिए क्रमश: 800 रू0 व 72 रू0 देने पड़ रहे हैं। अत: हम कह सकते हैं कि महंगाई बढ गयी है।

**मुद्रास्फिति के कारण-**

1. जब किसी वस्तु की मांग अधिक हो जाती है जबकि उस वस्तु की उत्पादकता कम होती है तो इससे उस वस्तु की कीमत बढ जाती है जिससे महंगाई बढ जाती है।
2. किसी वस्तु की लागत में वृद्धि होने पर उसका मूल्य बढ जाता है तो इससे वह वस्तु सामान्य कीमत से अधिक मूल्य पर उपभोक्ता को प्राप्त होती है। जिसका सीधा असर मुद्रा स्फिति पर होता है।
3. यदि किसी देश की जनता के पास खर्च करने के लिए अधिक पैसे होंगे तो वह अधिक वस्तुओं को खरीदेगा और वस्तुओं में कमी आयेगी तथा कीमतें बढेंगी।

**भारत में मुद्रा स्फीति दर –**

**हालिया रिलीज़ –**

**सितंबर में भारत मुद्रास्फीति दर अपरिवर्तित** –सितंबर 2017 में भारत का उपभोक्ता मूल्य सूचकांक 3.28 प्रतिशत बढ़कर सालाना आधार पर आया, जो पिछले महीने के पांच महीने के उच्चतम और बाजार की अपेक्षा 3.6 प्रतिशत से कम है।खाद्य मुद्रास्फीति में गिरावट ई, जबकि आवास, ईंधन और कपडों के लिए तेजी से कीमतें बढ गईं। 2017-10-12 आको प्रकाशित।

**अगस्त में 5 माह के उच्च स्तर पर भारत की मुद्रास्फीति दर** – जुलाई में 2.36 प्रतिशत और 3.2 प्रतिशत की बाजार अपेक्षाओं के बाद भारत में उपभोक्ता कीमतों में अगस्त, 2017 के अगस्त माह में 3.36 प्रतिशत की वृद्धि हुई।यह मार्च के बाद से उच्चतम मुद्रास्फीति की दर है, खाद्य कीमतों में पुन:भारतीय रिजर्व बैंक को उम्मीद है कि इस वित्त वर्ष (अप्रैल से सितंबर 2017) की पहली छमाही में 3.5 प्रतिशत – 3.5 प्रतिशत – दूसरी छमाही में 4.5 प्रतिशत (अक्टूबर 2017 से मार्च 2018)।
2017-09-12 पर प्रकाशित।

**जुलाई में भारत में मुद्रास्फीति दर बढ़कर 2.36% हो गई है** – जुलाई 2017 में भारत के उपभोक्ता कीमतों में सालाना आधार पर 2.36 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो कि बाजार की अपेक्षा 1.87 प्रतिशत और पिछले महीने 1.54 प्रतिशत बढ़कर रही।आवास, उर्जा और कपडो की कीमतें आगे बढ गई और खाद्य की कीमतों में नरम गति से गिरावट आई।
2017-08-14 को प्रकाशित

**भारत में मुद्रास्फीति दर 1.54% की ताजा कम** – भारत में उपभोक्ता कीमतों में जून में 2017 में 1.54 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो मई मे 2.18 प्रतिशत की वृद्धि और 1.7 प्रतिशत बाजार अपेक्षाओ के मुकाबले तेजी से

* सहायक प्राध्यापक (अर्थशास्त्र) शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय, बैकुण्ठपुर, जिला – कोरिया (छ.ग.) भारत

धीमा हो गया।अनुकूल मानसून के बीच खाद्य पदार्थों की कीमतों में तेज गिरावट के कारण मुद्रास्फीति की दर तीसरे महीने के लिए एक ताजा रिकॉर्ड कम हुई।

**(ग्राफ देखें आगे पृष्ठ पर)**

खाद्य पदार्थों, ईंधन एवं आवास की कीमतों में वृद्धि से भारत की वार्षिक खुदरा मुद्रास्फीति की दर ऊंची रही। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित महंगाई दर बढ़कर 3.58 फीसदी हो गयी जो सितम्बर में 3.28 फीसदी थी। आंकड़ों से पता चलता है कि अक्तूबर में सब्जियों की कीमतें बढ़कर 7.47 फीसदी रहीं, जबकि दुग्ध आधारित उत्पादों की कीमतें बढ़कर 4.30 फीसदी रही। इस दौरान अनाजों की कीमत में कमी आई और यह 3.68 फीसदी पर रही। जबकि मांस मछली की कीमतें बढ़ी जो 3.12 फीसदी रही। गैर खाद्य पदार्थ श्रेणी में ईंधन और बिजली क्षेत्र की मुद्रा स्फीति दर अक्तूबर में 6.36 फीसदी रही।'[2]

जब से देश स्वतंत्र हुआ तब से वस्तुओं की कीमतों में निरंतर वृद्धि देखी जा सकती है। दैनिक आवश्यकता की चीजों में 150 से 250 गुना तक मूल्य वृद्धि हो चुकी है। बाजार में महंगाई तभी बढ़ती है जब मांग अधिक हो किंतु वस्तुओं की कमी हो जाए। इसका कारण जनसंख्या में तीन गुना वृद्धि भी है। वस्तुओं की मांग बढ़ने से महंगाई बढ़ी, गरीबी रेखा के नीचे जीने वाले लोगों की संख्या में कमी आयी है। बहुत सी चीजों के लिए विदेशों पर निर्भरता जैसे पेट्रोल पर बड़ी धनराशि खर्च होना, कालाबाजारी महंगाई बढ़ने के कारणों में से एक है। बड़े-बड़े व्यापारी पूंजीपति धन बल पर आवश्यक वस्तुओं का भंडारण कर लेते हैं इससे बाजार में अचानक वस्तुओं की आपूर्ति कम हो जाती है।

देश में खाद्य पदार्थों व सब्जियों की कीमतें अक्तूबर, नवम्बर माह में निरंतर बढ़ती हुई दिखी। प्याज की कीमतें 50 रू0 प्रति किलो से ऊपर तथा टमाटर भी 50 रू0 प्रति किलो भाव से बिकती दिखी। रसोई गैस की कीमतें भी 600 रू0 से बढ़कर 800 रू0 प्रति सिलेण्डर हो गयी। एक मजदूर वर्ग के रसोई से प्याज टमाटर गायब हो गयी। माल की पूर्ति आधे से घट गयी। जबकि मांग अधिक है। कीमतें बढ़ने का एक कारण यह भी है कि मुद्रा की पूर्ति में वृद्धि हुई है। नौकरीपेशा वर्ग को सातवां वेतन मान मिला तो रेल्वे व अन्य सेक्टर में बोनस मिलने से मुद्रा की पूर्ति में वृद्धि हुई। तथा दूसरी ओर इन वस्तुओं का निर्यात होने से भी वस्तुओं की पूर्ति घटी जिसके कारण महंगाई में वृद्धि हुई है।

समाज में धनी वर्ग, गरीब वर्ग तथा नौकरी पेशा वर्ग के लोग रहते हैं। सभी को अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए वस्तुओं का उपभोग करना होता है। जिन्हें हम उपभोक्ता कहते हैं। महंगाई का सबसे बड़ा दुष्परिणाम गरीबों व निम्न मध्य वर्ग पर पड़ता है।

**अध्ययन की आवश्यकता एवं महत्व –** विभिन्न समाचार पत्रों, टी0 वी0 न्यूज चैनलों द्वारा अपने दैनिक उपयोग में आने वाली उपयोगी वस्तुओं की कीमतों के बारे हमें यह जानकारी मिलती रहती है कि रसोई गैस, पेट्रोल तथा अन्य खाद्य पदार्थों के मूल्य आसमान छू रहे हैं। यह जानने की जिज्ञासा हुई कि विभिन्न उपभोक्ता वर्गों पर इसका क्या प्रभाव पड़ता है। मूल्य वृद्धि का सबसे गंभीर प्रभाव गरीब वर्ग पर पड़ता है इसकी जानकारी के लिए अध्ययन की आवश्यकता महसूस हुई।

जिस समाज में मानव निवास करता है वहां विभिन्न वर्ग के लोग रहते हैं। अर्थव्यवस्था में नित नये बदलाव आते रहते हैं पर लोगों को किसी के बारे सोचने की आवश्यकता महसूस नहीं होती। मूल्य वृद्धि का प्रभाव जानने के लिए एवं उनके कारणों की जानकारी प्राप्त करना महत्वपूर्ण है।

**अध्ययन का उद्देश्य –**

1. बढ़ती महंगाई के कारण उपभोक्ता वर्ग की वास्तविक आय पर पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन करना।।
2. बढ़ती महंगाई के कारण उपभोक्ता वर्ग के वस्तुओं के उपयोग प्रवृति पर पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन करना।।
3. बढ़ती महंगाई के कारणों का अध्ययन करना।।

**पूर्व शोध साहित्यों का अध्ययन –**

1. **टूटेजा, ऊषा (दिसम्बर ,2008) –** इन्होंने अपने अध्ययन में गरीबों की दशा का वर्णन किया है, खाद्य पदार्थों में मुद्रा स्फीति अर्थात महंगाई बढ़ने से उनकी स्थिति खराब हो गयी। इसलिए सरकार को इस स्थिति में नियंत्रण लाने के लिए उपाय निकालना चाहिए। मुद्रा स्फीति से अर्थव्यवस्था के विकास में लाभ होगा। लेकिन गरीब वर्ग अपनी आय का 60-70 ! भोजन पर खर्च करता है। नीति निर्माताओं को घरेलू उत्पादन बढ़ाने के बारे में सोचना चाहिए जिससे खाद्य मुद्रा स्फीति का निराकरण किया जा सके।

2. **स्मिथ, मेलानी –** इनका अध्ययन मुद्रा स्फीति और आर्थिक विकास के बीच संबंध : एक अनुभव जन्य विश्लेषण पर आधारित है इन्होंने कहा कि मुद्रा स्फीति में वृद्धि का मतलब है कीमतों में वृद्धि। मुद्रा स्फीति में वृद्धि से पैसे की क्रयशक्ति कम हो जाती है, जिससे उपभोग घटता है तथा जी0डी0पी0 में कमी आती है। इससे भुगतान संतुलन भी प्रभावित होता है क्योंकि निर्यात अधिक महंगा हो जाता है। फिलिप्स वक्र बताता है कि उच्च मुद्रा स्फीति बेरोजगारी की कम दर को बताती है जिसका आर्थिक विकास पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

3. **कीन्स, जे0एम0 –** कीन्स ने मुद्रा स्फीति की व्याख्या समाज की कुल व्यय तथा वस्तुओं एवं सेवाओं की उपलब्ध मात्रा के संबंध में की है। जब किसी देश में मुद्रा की मात्रा बढ़ती है तो लोगों की मौद्रिक आय भी बढ़ती है। मौद्रिक आय बढ़ने से आम जनता का व्यय भी बढ़ जाता है। इससे कीमतों में वृद्धि की प्रवृत्ति होती है। यदि व्यय योग्य मौद्रिक आय तथा वस्तुओं एवं सेवाओं की मात्रा दोनों एक ही अनुपात में बढ़ता है तो कीमत स्तर में वृद्धि नहीं होती है। किन्तु वस्तुओं व सेवाओं की तुलना में व्यय योग्य मौद्रिक आय अधिक अनुपात में बढ़ता है तो कीमत स्तर बढ़ने लगता है।

प्रो0 कीन्स की बातें कुछ हद तक सही साबित होती दिखाई देती है उदाहरण के लिए यदि अर्थव्यवस्था में देखा जाय तो कई उपभोक्ता वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि दिखाई देती है। इससे यह कहा जा सकता है कि महंगाई बढ़ रही है। लोगों की मौद्रिक आय में निश्चित ही वृद्धि हुई है। नौकरी पेशा कर्मचारियों की वेतन वृद्धि हुई है सातवां वेतनमान लागू होने के बाद। ग्रामीण क्षेत्रों की बात करें तो मनरेगा योजना ने मजदूरों के जीवन स्तर में परिवर्तन लाया है। साथ ही निरंतर जनसंख्या में वृद्धि देखी जा सकती है जिसके कारण वस्तुओं की मांग में वृद्धि देखी जा सकती है।

उपरोक्त शोध साहित्यों के अध्ययन से पता चलता है कि समय-समय पर मुद्रा स्फीति भारत में देखी गयी जिसके कारण वस्तुओं के मूल्य में वृद्धि हुई जिसका प्रभाव विभिन्न उपभोक्ता वर्गों पर पड़ा है। सबसे अधिक प्रभाव गरीब वर्ग पर पड़ता है। इस समय खाद्य पदार्थों के मूल्य में वृद्धि देखी गयी

तथा मुद्रा की क्रयशक्ति कम हो जाती है।

उपर्युक्त शोध-साहित्यों के पुनर्अवलोकनों से स्पष्ट है कि मुद्रा स्फीति तथा मूल्य वृद्धि को लेकर कई अध्ययन किये गये हैं। परन्तु प्रस्तुत अध्ययन विषय 'बढती मुद्रा स्फीति तथा मूल्य वृद्धि का विभिन्न उपभोक्ता वर्गों पर प्रभाव' पर कोई भी अध्ययन दृष्टिगोचर नहीं होता है साथ ही उपरोक्त अध्ययनों में मूल्य वृद्धि संबंधी अध्ययन प्राथमिक आंकड़ों के आधार पर नहीं की गयी है। अतः प्रस्तुत अध्ययन समाचार पत्रों एवं न्यूज चैनलों में प्याज, ईंधन एवं खाद्य पदार्थों के मूल्य में वृद्धि संबंधी खबरों को पढ़कर तथा घटती घटना को प्राथमिक आंकड़ों के आधार पर प्रस्तुत करने का प्रयास है।

**अध्ययन पद्धति –** प्रस्तुत अध्ययन प्राथमिक तथा द्वितीयक समंको पर आधारित है। अध्ययन को चार भागों में विभाजित किया गया है।

1. **अध्ययन का क्षेत्र –** इसके लिए विकासखण्ड बैकुण्ठपुर जिला कोरिया छ0ग0 का चयन किया गया।

2. **उत्तरदाताओं का चयन –**
   1. उच्च आय वर्ग इसमें 20 नौकरीपेशा व्यक्तियों को लिया गया।
   2. मध्यम आय वर्ग 20 नौकरीपेशा तृतीय वर्ग कर्मचारी लिये गये।
   3. निम्न आय वर्ग 20 मजदूर वर्ग लिये गये।

3. **तथ्य संकलन हेतु प्रयुक्त की जाने वाली पद्धति, प्रविधि एवं उपकरण** प्राथमिक समंकों के लिए प्रश्नावली व साक्षात्कार अनुसूची का प्रयोग एवं सांख्यिकीय विधियां प्रतिशत विधि, द्वितीयक स्त्रोतों का उपयोग भी किया गया जिसमे पत्रिका, समाचार पत्र, तथा शोध-पत्र,शोध-ग्रंथ का भी उपयोग किया गया।

4. **संकलित तथ्यों का सारणीयन विश्लेषण एवं प्रस्तुतिकरण –** सांख्यिकीय विधियां प्रतिशत विधि, तालिका, का प्रयोग किया गया है।

समय सीमा – प्रस्तुत अध्ययन दिसम्बर 17 से जनवरी 18 के बीच लगभग 60 दिनों में पूर्ण किया गया।

**अध्ययन से प्राप्त परिणाम –**

1. **वर्तमान में आय में वृद्धि की स्थिति –** सातवां वेतनमान मिलने के कारण तथा महंगाई भत्ता में वृद्धि के कारण नौकरी पेशा वर्ग की आय में वृद्धि हुई है, तथा मजदूरों की मजदूरी भी बढ़ी है। जिसकी जानकारी ली गयी–

**तालिका क्रमांक 1 (देखे अन्तिम पृष्ठ पर)**

तालिका के विश्लेषण में पाया गया कि वर्तमान में तीनों ही आय वर्ग के उपभोक्ताओं की आय में वृद्धि हुई है। किसी को सातवां वेतनमान मिला तो किसी को महंगाई भत्ता किसी न किसी रूप में वेतन वृद्धि हुई है। अध्ययन में 100 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने कहा कि वेतन में वृद्धि हुई है।

2. **खाद्य पदार्थों एवं सब्जियों के मूल्य में वृद्धि की स्थिति –** वर्तमान में देखा जाय तो मुद्रा की मात्रा में वृद्धि के साथ-साथ सब्जियों, खाद्य पदार्थों एवं ईंधन तथा कई अन्य वस्तुओं के मूल्य में वृद्धि हुई है। इस संबंध में जानकारी इस प्रकार प्राप्त हुई।

**तालिका क्रमांक 2 (देखे अन्तिम पृष्ठ पर)**

तालिका से स्पष्ट है कि 100 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने कहा कि खाद्य पदार्थों एवं सब्जियों के मूल्य में वृद्धि हुई है।

3. **मूल्य वृद्धि से वस्तुओं के उपभोग प्रवृति की स्थिति –** मूल्य वृद्धि एवं वस्तुओं के उपभोग करने में विपरित संबंध होता है। विभिन्न उपभोक्ता वर्ग से इस संबंध में जानकारी इस प्रकार प्राप्त हुई।

**तालिका क्रमांक 3 (देखे अन्तिम पृष्ठ पर)**

तालिका से स्पष्ट है कि मूल्य वृद्धि से वस्तुओं को उपभोग करने की प्रवृति में सबसे अधिक निम्न आय वर्ग पर प्रभाव पड़ा। 100 प्रतिशत उत्तरदाओं ने कहा कि उनकी उपभोग प्रवृति कम हुई है। खाने में टमाटर की चटनी का स्वाद भूल गये थे। प्याज का उपयोग नहीं कर रहे हैं तथा एल पी जी गैस का उपयोग न करके चूल्हे पर खाना बना रहे हैं। उच्च आय वर्ग के उपभोक्ताओं पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा क्योंकि आय अधिक होने से वस्तुओं के मूल्य में वृद्धि होने पर उनका उपयोग वे पहले जैसा ही करते हैं जबकि मध्यम आय वर्ग के 60 प्रतिशत उपभोक्ताओं ने कहा कि उपयोग कम किये हैं जबकि 40 प्रतिशत ने कहा कि कोई प्रभाव नहीं पड़ा है।

4. **मूल्य वृद्धि का उपभोक्ता की वास्तविक आय पर प्रभाव –** मूल्य वृद्धि से उपभोक्ता की वास्तविक आय कम हो जाती है। क्योंकि मूल्य वृद्धि निरंतर होती जाती है जबकि आय निरंतर नहीं बढ़ती। विभिन्न उपभोक्ता वर्ग से इस संबंध में जानकारी इस प्रकार प्राप्त हुई।

**तालिका क्रमांक 4 (देखे अन्तिम पृष्ठ पर)**

तालिका से स्पष्ट है कि उच्च आय वर्ग के उत्तरदाओं में 80 प्रतिशत उत्तरदाता यह मानते हैं कि वस्तुओं के मूल्य बढ़ने से वास्तविक आय कम हुई है तथा 20 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने कहा कि उनकी आय में कोई कमी नहीं आयी है। जबकि निम्न आय वर्ग एवं मध्यम आय वर्ग के 100 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने कहा कि उनकी वास्तविक आय कम हुई है। मूल्य वृद्धि के कारण उतनी ही आय से वे कम वस्तुओं को खरीद सकते हैं।

5. **मूल्य वृद्धि का उपभोक्ता की बचत पर प्रभाव –** मूल्य वृद्धि से उपभोक्ता की वास्तविक आय कम हो जाती है तथा बचत कम हो जाती है। विभिन्न उपभोक्ता वर्ग से इस संबंध में जानकारी इस प्रकार प्राप्त हुई।

**तालिका क्रमांक 5 (देखे अन्तिम पृष्ठ पर)**

तालिका से स्पष्ट है कि सभी वर्ग के उपभोक्ताओं के बचत पर प्रभाव पड़ता है। निम्न आय वर्ग के 100 प्रतिष्ठत उत्तरदाताओं ने कहा कि बचत नहीं होती है।

**मूल्य वृद्धि के कारण –**

1. **मुद्रा की मात्रा में वृद्धि होना –** विमुद्रीकरण के कारण थोड़े समय के लिए अर्थव्यवस्था में मुद्रा की कमी देखी गयी पर अब धीरे धीरे अर्थव्यवस्था फिर से पटरी में आ गयी। साथ ही नौकरीपेशा वर्ग को सातवां वेतनमान मिलने तथा महंगाई भत्ता मिलने एवं अनुत्पादक कार्यों के क्षेत्र में सरकार द्वारा अधिक व्यय किये जाने से जनता के हाथों में मुद्रा की मात्रा में वृद्धि हुई है जिससे वस्तुओं की मांग बढ़ी तथा मूल्य में वृद्धि हुई है।

**तालिका क्रमांक 6 (देखे अन्तिम पृष्ठ पर)**

2. **मुद्रा का मूल्य कम होना –** मुद्रा की मात्रा बढ़ने से मुद्रा के मूल्य में निरंतर कमी देखी जा सकती है। वर्तमान में अधिक पैसों से कम वस्तुओं की खरीदी हो पाती है।

**तालिका क्रमांक 7 (देखे अन्तिम पृष्ठ पर)**

तालिका से स्पष्ट है कि 100 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने कहा मुद्रा का मूल्य कम हुआ है।

3. **उत्पादन में कमी –** खाद्य पदार्थों के उत्पादन में कमी आना भी वस्तुओं के मूल्य में वृद्धि का एक कारण है।

4. **पानी का अधिक गिरना –** सितम्बर से दिसम्बर के प्रथम सप्ताह तक देखा जाय तो सब्जियों के मूल्य में भारी वृद्धि देखी जा सकती है। खास कर टमाटर के मूल्य में जिसका कारण भारी वारिश से फसल का नुकसान होना है।

5. **मण्डियों में अनाज का सड़ना** - इसी तरह प्याज का स्टोरेज सही ढंग से नहीं होने के कारण, तथा अनाज का रख -रखाव ठीक न होने के कारण मंडियो में अनाज सड़ जाते हैं तथा बाजार में उसकी आपूर्ति कम होने से मूल्य में वृद्धि हो जाती है।

6. **गोदाम में स्टॉक** - कुछ व्यापारी वस्तुओं का भारी स्टॉक गोदाम में रख लेते हैं जिससे भी वस्तुओं की पूर्ति बाजार में कम हो जाती है।

7. **मांग व पूर्ति में असंतुलन** - जितनी मात्रा में वस्तुओं की मांग बाजार में हो रही है उससे कम मात्रा में वस्तुओं की पूर्ति होना मूल्य वृद्धि के कारणों में से एक है।

**शोध अध्ययन के प्राथमिक आंकड़ों के विश्लेषण से प्राप्त निष्कर्ष -**

1. विमुद्रीकरण के कारण अर्थव्यवस्था में मुद्रा की कमी दिखाई दे रही थी किंतु वर्तमान में मुद्रा की मात्रा में वृद्धि देखी जा सकती है।
2. आय संबंधी जानकारी लेने पर पाया गया कि तीनों ही आय वर्ग के उपभोक्ताओं की आय में वृद्धि हुई है। किसी को सातवां वेतनमान मिला तो किसी को महंगाई भत्ता किसी न किसी रूप में वेतन वृद्धि हुई है। अध्ययन में 100 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने कहा कि वेतन में वृद्धि हुई है। इससे पता चलता है कि मुद्रा की मात्रा में वृद्धि हुई है। अतः अर्थव्यवस्था में मुद्रा स्फीति देखी जा सकती है।
3. वस्तुओं के मूल्य वृद्धि के संबंध में जानकारी लेने पर पाया गया कि 100 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने कहा खाद्य पदार्थों, रसोई गैस, पेट्रोल, एवं सब्जियों के मूल्य में वृद्धि हुई है।
4. वस्तुओं के उपभोग करने की प्रवृत्ति के संबंध में जानकारी लेने पर सबसे अधिक निम्न आय वर्ग पर प्रभाव पड़ा। 100 प्रतिशत उत्तरदाओं ने कहा कि उनकी उपभोग प्रवृत्ति कम हुई है। खाने में टमाटर की चटनी का स्वाद भूल गये हैं। प्याज का उपयोग नहीं कर रहे हैं तथा एल पी जी गैस का उपयोग न करके चूल्हे पर खाना बना रहे हैं। उच्च आय वर्ग के उपभोक्ताओं पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा क्योंकि आय अधिक होने से वस्तुओं के मूल्य में वृद्धि होने पर उनका उपयोग वे पहले जैसा ही करते हैं जबकि मध्यम आय वर्ग के 60 प्रतिशत उपभोक्ताओं ने कहा कि उपयोग कर दिये हैं जबकि 40 प्रतिशत ने कहा कि कोई प्रभाव नहीं पड़ा है।
5. मूल्य वृद्धि का उपभोक्ता की वास्तविक आय और बचत पर प्रभाव की जानकारी लेने पर पाया गया कि उच्च आय वर्ग के उत्तरदाओं में 80 प्रतिशत उत्तरदाता यह मानते हैं कि वस्तुओं के मूल्य बढ़ने से वास्तविक आय कम हुई है तथा 20 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने कहा कि उनकी आय में कोई कमी नहीं आयी है। जबकि निम्न आय वर्ग एवं मध्यम आय वर्ग के 100 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने कहा कि उनकी वास्तविक आय कम हुई है। मूल्य वृद्धि के कारण उतनी ही आय से वे कम वस्तुओं को खरीद सकते हैं।
6. मूल्य वृद्धि का कारण मांग व पूर्ति में संतुलन न होना, मुद्रा की मात्रा में वृद्धि होना, मुद्रा का मूल्य कम होना, उत्पादन में कमी होना, पानी की कमी या अधिकता, मंडियों में अनाज का सड़ना आदि है।

अतः कहा जा सकता है कि मुद्रा स्फीति एवं मूल्य वृद्धि का प्रभाव सभी वर्ग के लोगों पर पड़ता है लेकिन गरीब वर्ग या निम्न आय वर्ग पर इसका प्रभाव सबसे अधिक पड़ता है। क्योंकि जिस तेजी से मूल्य में वृद्धि होती है उस तेजी से उनकी मजदूरी नहीं बढ़ती।

**सुझाव -**

1. खाद्य पदार्थों की उत्पादकता को मांग अनुरूप बढ़ाने से मूल्य वृद्धि पर अंकुश लगाया जा सकता है।
2. बढ़ती महंगाई के अनुसार मजदूर वर्ग की मजदूरी भी बढ़नी चाहिए जिससे उनकी आवश्यकताओं की पूर्ति सरलतापूर्वक हो सके।
3. मंडियों में अनाज को सड़ने से बचाने की सुविधायें विकसित किये जावें जिससे वस्तुओं की मांग एवं पूर्ति के बीच संतुलन बना रहे।
4. सीमित भूमि पर उन्नत कृषि कर भी अनाज की कमी को दूर किया जा सकता है।
5. सिंचाई सुविधाओं का विस्तार किया जाना चाहिए जिससे किसान वर्ग कृषि कार्य कर सके एवं खाद्य पदार्थों की आपूर्ति हो सके।
6. किसानों के लिए बाजार तक उत्पादित वस्तुओं को पहुंचाने की सुविधा होनी चाहिए जिससे बढ़े मूल्य का लाभ उनको ही मिल सके। जिसे बिचौलिए प्राप्त करते हैं।

**संभावनाएं** - आने वाले समय में सब्जियों के मूल्यों में कमी आने की संभावना है कारण - मौसमी सब्जियों की फसल खेतों से आने लगेगी। किन्तु रसोई गैस, पेट्रोल, एवं अन्य वस्तुओं की कीमतों कमी आने की संभावना दिखाई नहीं देती।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**


1. मिश्रा, सी0 एस0 एण्ड भारद्वाज, अर्थशास्त्र द्वितीय वर्ष पेज नं0 55.
2. hhttps://tradingeconomics.com/india/inflation-cpi
3. apubskqyolkip.gq/2146-essay-on-mahangai-6848-html.
4. भारद्वाज, जीवनलाल (2017, नवम्बर 21) - 'आखिर देश में महंगाई डायन फिर क्यों चली आयी'? नवभारत, पेज नं0 04।
5. अंबिकावाणी, (2017, नवम्बर 22 ) - 'प्याज के आंसू', पेज नं0 4।
6. Kumar Rajiv, Pankaj Vashisht and Gunajit Kalita (2010,March 6): "Food Inflation - Contingent and Structural Factors", Economic and Political Weekly, Vol. 45, No. 10, pp. 16-19.
7. Mohanty, Deepak (2010, March 4): "Inflation Dynamics in India: Issues and Concerns", speech delivered at Bombay Chamber of Commerce & Industry, published in Monthly Bulletin, April, 2010,RBI, Bombay, pp. 763-769.
8. Chand, Ramesh (2010,February 27): "Understanding the Nature and Causes of Food Inflation", Economic and Political Weekly,Vol. 45, No. 9, pp. 10-13.
9. Tuteja, Usha (2008,December): "Protect Poor from Food Inflation", Economic Times.
10. Smith, Melanie - sampal paper The Relationship between Inflation and Economic Growth (GDP) an Ampirical Analysis. http://www.ivoryresearch.com/writers/melanie-smith
11. मिश्रा, सी0 एस0 एण्ड भारद्वाज, अर्थशास्त्र द्वितीय वर्ष पेज नं0 57
12. शर्मा, वीरेन्द्र प्रकाश, (2007) रिसर्च मैथ्डोलॉजी, पंचशील प्रकाशन, जयपुर, पेज नं0 59।
13. उप्रेती, हरिश्चन्द्र -(2000) भारतीय जनजातियां -संरचना एवं विकास, राजस्थान हिंदी ग्रंथ अकादमी, जयपुर, पेज नं0 377, 378।



Source - https://tradingeconomics.com/india/inflation-cpi

**तालिका क्रमांक 1**

**वर्तमान में आय में वृद्धि की स्थिति-**

| क्र. | आय में वृद्धि का स्वरूप | हां हुई है | नहीं हुई | कह नहीं सकते | योग |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | उच्च आय वर्ग | 20 | 0 | 0 | 20 |
| 2 | मध्यम आय वर्ग | 20 | 0 | 0 | 20 |
| 3 | निम्न आय वर्ग | 20 | 0 | 0 | 20 |
| 4 | योग | 60 | 0 | 0 | 60 |
| 5 | प्रतिशत | 100 | 0 | 0 | 100 |

**स्रोत** – प्राथमिक स्रोत।

**तालिका क्रमांक 2**

**खाद्य पदार्थों एवं सब्जियों के मूल्य में वृद्धि की स्थिति-**

| क्र. | खाद्य पदार्थों एवं सब्जियों के मूल्य में वृद्धि | हां हुई है | नहीं हुई | कह नहीं सकते | योग |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | उच्च आय वर्ग | 20 | 0 | 0 | 20 |
| 2 | मध्यम आय वर्ग | 20 | 0 | 0 | 20 |
| 3 | निम्न आय वर्ग | 20 | 0 | 0 | 20 |
| 4 | योग | 60 | 0 | 0 | 60 |
| 5 | प्रतिशत | 100 | 0 | 0 | 100 |

स्रोत – प्राथमिक स्रोत।

**तालिका क्रमांक 3**

**मूल्य वृद्धि से वस्तुओं के उपभोग प्रवृति की स्थिति**

| क्र. | मूल्य वृद्धि से वस्तुओं के उपभोग प्रवृति का प्रभाव | कम हुई है | अधिक हुई | कोई प्रभाव नहीं पड़ा | योग |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | उच्च आय वर्ग | 0 | 0 | 20 | 20 |
| 2 | मध्यम आय वर्ग | 12 | 0 | 8 | 20 |
| 3 | निम्न आय वर्ग | 20 | 0 | 0 | 20 |
| 4 | योग | 32 | 0 | 28 | 60 |

स्रोत – प्राथमिक स्रोत।

तालिका क्रमांक 4

मूल्य वृद्धि का उपभोक्ता की वास्तविक आय पर प्रभाव

| क्र. | मूल्य वृद्धि का उपभोक्ता वर्ग पर प्रभाव | वास्तविक आय कम हुई | वास्तविक आय अधिक हुई | कोई प्रभाव नहीं पड़ा | योग |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | उच्च आय वर्ग | 16 | 0 | 04 | 20 |
| 2 | मध्यम आय वर्ग | 20 | 0 | 0 | 20 |
| 3 | निम्न आय वर्ग | 20 | 0 | 0 | 20 |
| 4 | योग | 56 | 0 | 04 | 60 |

स्त्रोत – प्राथमिक स्त्रोत।

तालिका क्रमांक 5

मूल्य वृद्धि का उपभोक्ता की बचत पर प्रभाव

| क्र. | मूल्य वृद्धि का उपभोक्ता की बचत पर प्रभाव | बचत कम हुई | बचत नहीं हुई | कोई प्रभाव नहीं पड़ा | योग |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | उच्च आय वर्ग | 18 | 0 | 02 | 20 |
| 2 | मध्यम आय वर्ग | 20 | 0 | 0 | 20 |
| 3 | निम्न आय वर्ग | 00 | 20 | 00 | 20 |
| 4 | योग | 38 | 20 | 02 | 60 |

स्त्रोत – प्राथमिक स्त्रोत।

तालिका क्रमांक 6

मुद्रा की मात्रा में वृद्धि होना

| क्र. | मुद्रा की मात्रा में वृद्धिहुई है | हां | नहीं | कह नहीं सकते | योग |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | उच्च आय वर्ग | 20 | 0 | 0 | 20 |
| 2 | मध्यम आय वर्ग | 20 | 0 | 0 | 20 |
| 3 | निम्न आय वर्ग | 20 | 0 | 0 | 20 |
| 4 | योग | 60 | 0 | 0 | 60 |
| | प्रतिशत | 100 | 0 | 0 | 100 |

स्त्रोत – प्राथमिक स्त्रोत।

तालिका क्रमांक 7

मुद्रा का मूल्य कम होना

| क्र. | मुद्रा का मूल्य कम हुआ है | हां | नहीं | कह नहीं सकते | योग |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | उच्च आय वर्ग | 20 | 0 | 0 | 20 |
| 2 | मध्यम आय वर्ग | 20 | 0 | 0 | 20 |
| 3 | निम्न आय वर्ग | 20 | 0 | 0 | 20 |
| 4 | योग | 60 | 0 | 0 | 60 |
| | प्रतिशत | 100 | 0 | 0 | 100 |

स्त्रोत – प्राथमिक स्त्रोत।

**************

# 74

जनवरी-जून, 2018

# मध्य भारती

मानविकी एवं समाजविज्ञान की द्विभाषी शोध-पत्रिका

Scanned with CamScanner

# अनुक्रमणिका

भास्कराचार्य रचित गणितीय कृति लीलावती : एक अवलोकन 5
*रामप्रसाद*

आधुनिकता के परिप्रेक्ष्य में छायावाद 23
*कामिनी*

बौद्ध धर्म-दर्शन और मार्क्सवाद के साथ दलित साहित्य का अंतर्सम्बन्ध 32
*दीपक सिंह*

भारतीय ज्ञान परम्परा में कामशास्त्र का इतिहास 38
*राघवेन्द्र मिश्र*

धर्म और विज्ञान का अंतर्विरोध 59
*अनिल कुमार तिवारी*

कमलेश्वर के 'काली आंधी' उपन्यास में स्त्री-विमर्श 68
*संजीव कुमार विश्वकर्मा*

शास्त्रीय संगीत में लोक संगीत के तत्त्व 73
*बृजेश मिश्रा*

गाँधी के राष्ट्रवाद की अवधारणा 83
*पंकज सिंह*

भरहुत की कला में प्रतिबिम्बित लोक जीवन 94
*कृष्ण देव पाण्डेय*

समकालीन समाज-दर्शन और स्वामी विवेकानन्द 103
*शैल कुमारी*

मध्यप्रदेश की संस्कृति में छतरपुर अंचल की भूमिका 118
*विशाल विक्रम सिंह*

एशियाई परिदृश्य और भारत-चीन संबंध 128
*नेहा निरंजन*

'उस जनपद का कवि हूँ' : कविता के सरोकार 135
*दुर्गेश वाजपेयी*

महिला सशक्तीकरण में महिला पुलिस की भूमिका के प्रति महिलाओं का दृष्टिकोण (सागर नगर के परिप्रेक्ष्य में एक अध्ययन) 146
*विवेक मेहता*

Scanned with CamScanner

# आधुनिकता के परिप्रेक्ष्य में छायावाद

*कामिनी*

आधुनिकता शब्द अंग्रेजी के मॉडर्ननिटी (Modernity) का पर्याय है। यूरोप में सोलहवीं शताब्दी से उन्नीसवीं शताब्दी तक 'आधुनिक' शब्द का प्रयोग 'वर्तमान' के पर्याय के रूप में किया जाता रहा था। पुनर्जागरण के पश्चात आधुनिक शब्द से कई विशेषण जुड़ते चले गए और उसका अर्थ विस्तार होता गया। उन्नीसवीं शताब्दी के अंत तक आते-आते आधुनिकता का प्रयोग 'सुधार', 'प्रगतिशीलता' व 'तार्किकता' के अर्थ में होने लगा। भारत में भी आधुनिकता का संबंध नवजागरण से ही जुड़ता है। भारत में अंग्रेजों का वर्चस्व बढ़ने के साथ ही सामाजिक व आर्थिक ढाँचे में गंभीर उथल-पुथल देखने को मिलती है जिसके फलस्वरूप एक नया सामाजिक वर्ग आकार लेता है। अंग्रेजों ने अपनी वर्चस्व स्थापना के क्रम में भारत में जो भी कार्यक्रम लागू किए उनका परिणाम एकांगी न रह सका बल्कि यह बहुआयामी सिद्ध हुआ, मसलन पश्चिमी शिक्षा, प्रेस का विस्तार, रेल आदि के प्रसार ने भारतीयों के लिए दुनिया भर के ज्ञान-विज्ञान का रास्ता खोल दिया। भारतीयों ने तर्क और विज्ञान की नई रोशनी में अंग्रेजी शासन के साथ भारतीय समाज की आंतरिक बुराइयों को भी देखना शुरू किया। 1857 के महान स्वतंत्रता संग्राम ने भारत में नवजागरण की प्रक्रिया को काफी तेज कर दिया जिसका परिणाम हमें बड़े पैमाने पर शुरू हुए सुधार कार्यक्रमों के रूप में दिखाई पड़ता है। आज हम यह बात प्रामाणिक रूप से कह सकते हैं कि भारतीय नवजागरण अपने अतीत के प्रति अत्याधिक मोह-ग्रस्त होने के कारण सदैव द्वंद ग्रस्त रहा जिसका असर हमारे साहित्य पर भी दिखाई पड़ता है। हमारी आधुनिकता ने भी इसी द्वंद्व के बीच आकार लिया है जिसके अच्छे और बुरे दोनों परिणाम हमारे सामने हैं। यहाँ 'बुरे' से इशारा आधुनिकता की कोख से जन्मी सांप्रदायिकता की तरफ है। भारत में आधुनिकता के आगमन की यह अवधारणा पूरी तरह निर्विवाद नहीं है। इसको चुनौती देते हुए अक्सर यह सवाल उठाया जाता है कि यदि अंग्रेज भारत न आए होते तो क्या भारत में आधुनिकता न आती? इस सवाल के जबाब में यही कहा जा सकता है कि आधुनिकता एक प्रक्रिया है किसी भी समाज में जब आत्मसजगता, तर्क, विज्ञान, के साथ कर्ता भाव जागृत होने लगता है तो वह आधुनिकता की तरफ अग्रसर होता है। निसंदेह भारत में अंग्रेजों के जमने के पहले ही उपरोक्त स्थितियाँ बनने लगीं थी सोलहवीं शताब्दी में पुर्तगालियों के साथ प्रेस का आगमन हो चुका था। साहित्यिक तथ्यों की खोज करें तो रीतिकाल में हमें आधुनिकता के लक्षण मिलने लगते हैं तो एक बात तो तय है कि अंग्रेज न आए होते तब भी आधुनिकता तो आती ही लेकिन उसका स्वरूप कैसा होता? यह प्रश्न आज निरर्थक है।

मध्य भारती-74, जनवरी-जून, 2018, ISSN 0974-0066, *pp. 23-31*

Scanned with CamScanner

भारतीय नवजागरण अपने कलेवर में युरोपीय नवजागरण से सर्वथा अलग है विभिन्न प्रदेशों में इसका स्वरूप अलग-अलग रूपों में दिखाई पड़ता है और यही हाल नवजागरण के साथ आ रही आधुनिकता का भी है। यह बंगाल में एक ढंग का, महाराष्ट्र में दूसरे ढंग का तथा हिन्दी क्षेत्र में इन दोनों से अलग ढंग का दिखाई पड़ता है। लेकिन नवजागरण के इन विभिन्न रूपों में एक समानता भी थी, वह यह कि भारतीय जनता को जागृत करने में सभी सहायक सिद्ध हुए थे और इसके फलस्वरूप उन्नीसवीं सदी में भारतीय समाज आधुनिकता की ओर उन्मुख हुआ था। रामधारी सिंह दिनकर के शब्दों में – ''भारत में आधुनिकता का प्रवेश उन्नीसवीं सदी में हुआ और उसके व्याख्याता राजा राममोहन राय, केशवचंद्र सेन, स्वामी विवेकानंद, स्वामी दयानन्द, लोकमान्य तिलक, रवीन्द्रनाथ ठाकुर आदि भारतीय थे।''[1]

राजनीतिक तथा सामाजिक क्षेत्रों में जो भी बदलाव हो रहे थे उसका असर साहित्य पर पड़ना भी स्वाभाविक ही था। आधुनिकीकरण के चरण के रूप में पत्रकारिता का विकास, साहित्य की अनेक विधाओं का प्रवर्तन, भाषा की दृष्टि से खड़ी बोली की प्रतिष्ठा आदि तत्व हिन्दी साहित्य में भारतेन्दु युग से शुरू होकर द्विवेदी युग और छायावाद के साहित्य में प्रकट हुए। वस्तुतः आधुनिकता की प्रक्रिया क्रमिक रूप में निरंतर गतिशील प्रक्रिया है, इसलिए आधुनिकता की शुरुआत के लिए कहीं रेखा खींच कर इसे स्पष्ट नहीं किया जा सकता। जैसा कि केदारनाथ सिंह कहते हैं – ''वस्तुस्थिति यह है कि हिन्दी कविता में (और कमोबेश पूरी भारतीय कविता में भी) आधुनिकता कोई आकस्मिक घटना नहीं है बल्कि यह एक लंबी विकास प्रक्रिया का परिणाम है। मुक्ति आंदोलन के समानान्तर और कई बार उसके आगे-पीछे यह प्रक्रिया पुराने मूल्यों से टकराती हुई और उन्हें छिन्न-भिन्न करते हुए अपने ढंग से चुपचाप चलती रही है।''[2]

आधुनिकता-बोध के निर्माण की प्रक्रिया तीन स्तरों पर घटित होती है –विचार के स्तर पर, भाषा के स्तर पर और विधाओं के स्तर पर विचार के स्तर पर, देखें तो रीतिकालीन नखशिख परंपरा, नायक-नायिका भेद आदि को छोड़कर भारतेन्दु युगीन काव्य से ही हिन्दी जाति के जीवन के दुख-दर्द, ओज कर्मण्यता, जातीय गौरव, प्रेम सौहार्द और यथार्थ की अभिव्यक्ति का माध्यम कविता बनती है। रीतिकाल में जो सामाजिक जीवन उपेक्षित हो गया था, वह भारतेन्दु युग से पुनः प्रतिष्ठित होता है। भारतेन्दु युग में नारी शिक्षा, विधवाओं की दुर्दशा और अस्पृश्यता को लेकर अनेक सहानुभूतिमूलक कवितायें लिखीं गई। ''बहुत हमने फैलाये धर्म, बढ़ाया छुआछूत का कर्म''[3] कहकर भारतेन्दु ने वर्णाश्रम का विरोध किया तो प्रताप नारायण मिश्र ने बाल विधवाओं की दीन दशा को इन शब्दों में प्रकट किया 'कौन करेजो नहिं कसकत, सुनि विपति बाल विधवन की'।

विचारों में परिवर्तन के साथ-साथ भाषा में भी परिवर्तन होना स्वाभाविक था क्योंकि विचारों को उसकी सहज भाषा से पृथक नहीं किया जा सकता य पुराने संस्कारों को तोड़ने के लिए कवि ब्रजभाषा छोड़कर खड़ी बोली अपनाता है। डॉ. रामस्वरूप चतुर्वेदी के शब्दों में – ''भारतेन्दु से काव्यभाषा का आधार बदलता है। ब्रजभाषा से खड़ीबोली जहाँ क्रमशः द्विवेदी युग के प्रचलित अप्रस्तुत विधान के बीच से बिम्ब की नई पहचान उभरती है। जिस बिन्दु पर समस्त भावबोध एकबारगी जटिलतर होता है और संश्लिष्टता की ओर झुकाव बढ़ता है।''[4]

गद्य की जितनी भी विधाएँ समकालीन साहित्य में प्रचलित हैं, उसमें से लगभग सारी विधाओं का प्रवर्तन भारतेन्दु युग में ही होता है। सामान्य जनता तक अपनी बात को पहुँचाने के लिए इस युग के रचनाकारों ने गद्य की सभी विधाओं का प्रयोग किया, जैसे नाटक, उपन्यास, कहानी आत्मकथा आदि।

Scanned with CamScanner

भारतेन्दु युग से शुरू हुई सभी साहित्यिक प्रवृतियाँ अपने घनत्व तथा विस्तार के साथ द्विवेदी युग में आगे बढ़ती हैं। छायावाद तक आते-आते भाषा ,विचार आदि में एक प्रौढ़ता दिखाई पड़ने लगती है। छायावाद बीसवीं सदी के प्रथम दो दशकों में भारत में हुए नवजागरण का काव्यात्मक रूपांतर है। विकासमान और संघर्षशील पूंजीवाद तथा पाश्चात्य संस्कृति, शिक्षा और साहित्य के निकट संपर्क या प्रभाव से भारत में वैयक्तिक अनुभूतियों, व्यक्तिवादी प्रवृत्तियों की सीधी अभिव्यक्ति दिखाई पड़ने लगती है। पूंजीवाद के उदय और आधुनिक विकास के प्रारम्भ में व्यक्ति की बदली हुई सामाजिक स्थितियाँ कविता को रोमांटिकता की ओर ले जाती हैं। स्वचेतना, वस्तुगत प्रकृति के प्रति जिज्ञासा का भाव, सौंदर्य-प्रेम, परिवेश के प्रति असंतोष आदि रोमांटिकता के सारे तत्व छायावादी कविता में मिलते हैं। इस रोमानियत की वजह से हमें छायावादी कविता में जहाँ एक ओर स्वप्न और आत्मरति दिखाई पड़ती है वहीं दूसरी ओर विद्रोह और मुक्ति की अकुलाहट भी कविता का मुख्य स्वर बनती है। सांस्कृतिक पुनर्जागरण तथा राष्ट्रीय आंदोलन के उत्थान में मध्यवर्गीय रोमांटिकता का प्रमुख योगदान रहा है कविता के क्षेत्र में छायावाद के रूप में इन सबका ऐतिहासिक और तर्कसंगत प्रतिफलन हुआ है।

छायावादी काव्य तत्कालीन समाज में पैदा हो रहे आधुनिक भाव-बोध तथा उसके विरोधाभासों को अभिव्यक्त करता है। वह भारत की औपनिवेशिक पराधीनता तथा समाज में व्याप्त सामंती मूल्यों से मुक्ति का साहित्य है जिसमें जागरण तथा विद्रोह के भावों के साथ जातीय एकता व नवीन सांस्कृतिक मूल्यों को प्रतिष्ठित करने की आकांक्षा दिखाई पड़ती है। छायावाद में मिलने वाली व्यक्ति स्वतंत्रता की भावना का रूप आपने-आप में अनूठा है यह प्रयोगवाद या नई कविता के व्यक्तिवाद जैसा नहीं हैं। छायावाद में व्यक्ति स्वातंत्र्य की चाहत तत्कालीन समाज की पराधीनता से मुक्ति की लड़ाई से जुड़ी हुई है। निराला कहते हैं –

‘मैंने मैं शैली अपनाई
देखा दुखी एक निज भाई
दुख की छाया पड़ी हृदय में मेरे
झट उमड़ वेदना आई।’[5]

यहाँ एक बात साफ तौर पर रेखांकित की जा सकती है कि छायावादी ‘मैं’ सामाजिक मुक्ति व उसके दुख- दर्द को व्यक्त करने वाला सर्वनाम है। डॉ. बच्चन सिंह के अनुसार – “मुक्ति के प्रति आग्रह का तात्पर्य इस लौकिक सत्ता से परे किसी चरम सत्ता में विलयन से नहीं था बल्कि रूढ़ियों, अंधविश्वासों, गलित मूल्यों से मुक्त होना था।..... अपने आप को विलीन करने की प्रक्रिया ही स्वतन्त्ता तक ले जाती है। बंधन चेतना के मद्धिम पड़ने, बोध के संकीर्ण होने और चीजों के गलत मूल्यांकन का दूसरा नाम है। मुक्ति एक स्तर पर वैयक्तिक है, तो दूसरे स्तर पर सामूहिक, साहित्य में वैयक्तिकता के फलस्वरूप ही काव्यरूढ़ियों से मुक्त होने की बात कही गई है।”[6]

छायावादी काव्य में नारी को सौंदर्य-प्रतिमा के साथ सामाजिक जीवन की एक महत्वपूर्ण इकाई के रूप में स्वीकार किया गया है। यहाँ नारी दया की पात्र न होकर प्रेरक है। इस तरह देखें तो यह एक बदली हुई नारी चेतना है जो परिवर्तित होते हुए समाज के साथ प्रकट हो रही है। द्विवेदी युगीन नारी का त्याग छायावाद तक आते–आते अधिकार की मांग करने लगता है वह आदर्श की खोखली जमीन से यथार्थ की सतह पर उतरने को बेचैन दिखाई पड़ता है। छायावाद ही वह काव्य आंदोलन है जिसमें एक नारी इतना साहस अर्जित कर पाती है कि वह अपने पूर्व-प्रेमी से कह सके।

Scanned with CamScanner

'हम दोनों भिन्न वर्ण
भिन्न जाति, भिन्न रूप
भिन्न धर्मभाव पर
केवल अपनाव से प्राणों से एक थे।'[7]

शिक्षा के नए वातावरण में स्त्री और पुरुष के साहचर्य से प्रेम का एक नया स्वरूप सामने आया जिसमें अपने प्रेम को व्यक्त करने के लिए किसी माध्यम का सहारा नहीं लिया गया, अपितु स्पष्ट शब्दों में स्वीकार किया गया कि 'बालिका मेरी मनोरम मित्र थी'।[8] वही महादेवी वर्मा के काव्य में सामंती बंधनों से नारी के स्वातंर्त्य भाव और मुक्ति की छटपटाहट सर्वत्र दिखलाई पड़ती है —

'मैं नीर भरी दुख की बदली
स्पंदन में चीर निस्पंद बसा
क्रंदन में आहत विश्व हँसा
नयनों मे दीपक से जलते
पलकों में निर्झरिणी मचली'[9]

नवजागरण काल में नारी के प्रति एक नई दृष्टि विकसित हुई थी। विभिन्न सामाजिक परम्पराओं के मूल्यांकन के साथ ही नारी की सामाजिक स्थिति का भी मूल्यांकन किया गया। छायावाद की नारी दृष्टि भी इसी मूल्यांकन का परिणाम है। नारी के प्रति इस बदली दृष्टि का परिणाम बदले स्त्री–पुरुष सबन्धों के रूप में भी दिखाई पड़ता है। स्त्री केवल पत्नी के रूप में ही नहीं प्रिय, प्रेयसी, सखी या सजनी के रूप में भी पहचान प्राप्त करती है। इसी क्रम में छायावादियों की उस भावदृष्टि का विकास भी देखा जा सकता है जिसे हम सामंत विरोधी कह सकते हैं। सम्राट अष्टम एडवर्ड जब अपनी प्रेमिका के लिए सम्राट पद त्याग देते है तो निराला कहते हैं-

'मानव-मानव से नहीं भिन्न
निश्चय हो श्वेत कृष्ण अथवा
वह नहीं क्लिन्न
भेद कर पंक
निकलता कमाल जो मानव का
वह निष्कलंक हो कोई सर।'[10]

इसी तरह छायावादी प्रेमनुभूति भी एक नए रूप में है। रीतिकाल की तरह शरीर यहाँ लक्ष्य नहीं है भक्तिकाल की तरह तिरस्कृत भी नहीं है, बल्कि यह वह भूमि है जहाँ स्त्री-पुरुष अपने रागात्मक सबंध की जैविकी का सानंद उपभोग करते हैं। छायावादी प्रेमानुभूति न केवल शरीर व मन दोनों की प्रतिक्रियाओं को समान स्थान देती है बल्कि इसका हर पक्ष कहीं न कहीं अपने युग में नया रूपकार लेते मानवीय सम्बन्धों के यथार्थ से जुड़ा है। श्रद्धा और मनु का मिलन जिसने मन से लेकर शरीर तक की लंबी यात्रा तय की यह मिलन मध्ययुगीन स्त्री-पुरुष सम्बन्धों से सर्वथा विपरीत बिन्दु प्रस्तुत करता है। डॉ. शम्भूनाथ के शब्दों में –"प्रेम मनुष्य को व्यक्तिवाद से मुक्त कर देता है, उसका पुनर्निर्माण करता है, उसे व्यापक सौंदर्यबोध की ओर ले जाता है, छायावाद का प्रेम ऐसा ही था।"[11]

महादेवी की प्रेमानुभूति छायावादी प्रेम के दूसरे कोण को सम्पन्न करती है। यह कोण है स्त्री की दृष्टि से देखे-समझे और भोगे संसार का, स्त्री के अनुभव का। इसके माध्यम से उस युग की स्त्री मानसिकता में

Scanned with CamScanner

घटित हो रहे परिवर्तनों को समझा जा सकता है, जिसके एक ओर लज्जालु किशोर भावना है, किन्तु इसके बाद के सारे प्रेमानुभाव में एक ही पक्ष बार-बार उभरता है और वह है नवजागृत नारी विश्वास का, जिसके चलते वह अपने को पुरुष के अस्तित्व में लय नहीं करना चाहती –

'सजनि मधुर निजत्व दे
कैसे मिलूँ अभिमानिनी मैं।'[12]

छायावाद का समय इतिहास के पुनरान्वेषण का भी समय था। वैसे हर पराधीन देश में राष्ट्रीयता का उदय पुनुरुत्थान भावना के साथ होता है। अंग्रेज रोमांटिक कवियों ने भी विगत सांस्कृतिक वैभव को प्रलुब्ध दृष्टि से देखा था और औद्योगिक सभ्यता के निर्मम प्रसार में मानवीय सम्बन्धों को आदिम रागात्मकता की ओर लौटने का संदेश दिया था। एक बात यहाँ साफ करना जरूरी है कि अंग्रेज कवि गुलाम नहीं थे उनके सामने औद्योगिक सभ्यता का विराट भ्रमजाल था जबकि भारत में स्थितियाँ एक-दम उलट थीं यहाँ हम विगत सांस्कृतिक वैभव में आदिम रागात्मकता के साथ-साथ पौरुष भी ढूंढ रहे थे और इस क्रम में ऐतिहासिक विसंगति का शिकार भी हो रहे थे। छायावादी साहित्य एक पराधीन देश की काव्यात्मक अभिव्यक्ति है। भारत के अतीत की काफी गौरवशाली छवियाँ हैं, सभ्यता संस्कृति का सुंदर इतिहास है ऐसे में जब देश साम्राज्यवाद और नव पूंजीवाद के लौहतन्त्र में जकड़ता जा रहा था तब वर्तमान के पराभव में शक्ति अर्जित करने के लिए अतीत की ओर लौटना छायावादी संस्कार बन गया। अतीत के प्रति अत्याधिक मोहग्रस्तता के काफी दुष्परिणाम भी हमें झेलने पड़े क्योंकि वर्तमान दुश्मन से लड़ने के लिए हमने जिन प्रतीकों का चयन किया वे बहुत ही अतार्किक थे। यहाँ पर एक बड़ा सवाल हमारे सामने खड़ा होता है कि जिस 1857 ने भारतीय नवजागरण के पनपने में इतनी बड़ी भूमिका निभाई उसकी शानदार परंपरा हमारी राजनीति और साहित्य का हिस्सा क्यों नहीं बन सकी?

छायावादी कविता में भी हम इस कमी को महसूस कर सकते हैं। छायावादी कविता अपने समय की राजनीति से गहरे तक प्रभावित है यह अकारण नहीं है कि एक तरफ तिलक शिवाजी उत्सव और गणेश पूजा का आरंभ करते है तो दूसरी तरफ निराला 'शिवाजी का पत्र', प्रसाद 'महाराणा का महत्व', 'पेशोला की प्रतिध्वनि' जैसी कविता लिखते हैं। ध्यान से देखा जाय तो यह सारे प्रतीक हिन्दू प्रतीक हैं जो सांझी लड़ाई में बहुत फायदेमंद नहीं साबित हुए। बहरहाल यह छयवाद का एक अनुद्धृत पक्ष है जो कहीं से भी उसका मुख्य प्रतिपाद्य नहीं है अतः इसे छायावादी चेतना के मूल्याकन का आधार नहीं बनाया जा सकता। छायावादी कविता के मूल्यांकन का आधार तो उसकी मुक्तिकामी चेतना ही हो सकती है जो की उक्त प्रतीकों का भी प्रतिपाद्य है। 'पेशोला की प्रतिध्वनि' में प्रसाद कहते हैं –

'आह! इस खेवा की!
कौन थामता है पतवार ऐसे अंधड़ में
अंधकार पारावार गहन नियति सा
उमड़ रहा है, ज्योति रेखा हीं क्षुब्ध हो।'[13]

अंग्रेजी साम्राज्यवाद की नीति केवल भारत के आर्थिक शोषण तक सीमित नहीं थी बल्कि उसका उद्देश्य भारतीय जनता के जातीय और सांस्कृतिक भावों को नष्ट कर उसे आत्महीनता की दशा में धकेल देना भी था। इसीलिए तत्कालीन भारत में राजनीतिक स्वतन्त्ता प्राप्त करने के लिए जनता को सांस्कृतिक बोध कराना आवश्यक था। आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी ने इस तथ्य को उद्‌घाटित करते हुए लिखा है – "छायावाद एक विशाल सांस्कृतिक चेतना का काव्य था, जिसमें कवियों की भीतरी आकुलता ने ही नवीन भाषा-शैली में

Scanned with CamScanner

अपने को अभिव्यक्त किया। सभी उल्लेखनीय कवियों मे थोड़ी-बहुत आध्यात्मिक अभिव्यक्ति की आकुलता थी। जिन कवियों ने शास्त्रीय और सामाजिक रूढ़ियों के प्रति विद्रोह का भाव दिखाया था, उनके इस भाव का कारण तीव्र सांस्कृतिक चेतना ही थी।"[14] उदाहरण के लिए हम निराला को ले सकते हैं। निराला भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों के विघटन और राजनीतिक पराभव का कारण ही नहीं उपस्थित करते बल्कि संघर्ष के भावों द्वारा पुनर्जागरण की प्रेरणा भी देते हैं। निराला की "जागो फिर एक वार" कविता को छायावादी सांस्कृतिक चेतना के प्रतीक के रूप में देखा जा सकता है।

सन् 1920 से लेकर छायावाद के उत्कर्ष काल सन 1936 तक भारतीय राजनीति में गांधी जी का उत्कर्ष काल माना जा सकता है इसलिए कई विद्वान छायावाद को गांधीवादी विचारों का राजनीतिक प्रतिफलन मानते हैं जैसा की डॉ. नगेंद्र ने लिखा है – "यह ठीक है कि छायावाद का जन्म दक्षिण और वामपंथ के इस संघर्ष यहाँ तक की गांधीवाद के जन्म से ही पहले हो चुका था, परंतु फिर भी इसमें संदेह नहीं कि उसका मूल आधार आदर्शवादी चिंताधारा ही है जो गांधीवाद अथवा समस्त दक्षिणपक्षीय विचारधारा का ही मूल आधार है।"[15] लेकिन गहराई से देखें तो हम पाते हैं कि सामाजिक परिवर्तन और राष्ट्रीय मुक्ति के लिए संघर्ष का रास्ता अपनाने की पद्धति में छायावाद गांधीबाद से एकदम अलग रास्ता चुनता है। गांधीवादी विचारधारा राजनीतिक स्वाधीनता प्राप्ति के लिए किसान और जमींदार, उच्च और निम्न वर्ग, पूंजीपति और मजदूर को एक ही रास्ते पर चलकर सत्य और अहिंसा की विचारधारा के माध्यम से वर्ग समन्वय और हृदय परिवर्तन जैसे सिद्धांतों का पाठ पढ़ाती है। छायावादी कवि इन सिद्धांतों की हकीकत समझते हैं वे इन वर्गों के आपसी अंतर्विरोध को उद्घाटन कराते हुए उपेक्षित निम्न वर्ग, किसान और मजदूर की स्वाधीनता को ही असली स्वाधीनता मानते हैं। कहने का तात्पर्य है कि समाजवादी यथार्थवादी चेतना भी छायावाद का एक हिस्सा है हाँ एक बात जरूर है कि वह उसके घोषणा-पत्र में शामिल नहीं की गई है। यहाँ बात को स्पष्ट करने के लिए निराला की कविता 'बादल राग-6' का उदाहरण सबसे बेहतर रहेगा। निराला की यह कविता 1924 में प्रकाशित होती है। इस कविता की खास बात यह है कि सीधे-सीधे पूंजीवाद साम्राज्यवाद सामंतवाद के खिलाफ क्रांति की वकालत करती है और इस बात को भी स्थापित करती है कि क्रांति से 'छोटे ही शोभा पाते हैं' निराला को व्यवस्था में आमूल-चूल परिवर्तन का पूरा भरोसा है वैसे ही जैसे क्रांतिकारियों को होता है –

'अशनि-पात से शायित उन्नत शत-शत वीर,
क्षत-विक्षत हत अचल शरीर,
गगन-स्पर्शी स्पर्धा-धीर।
हँसते है छोटे पौधे लघुभार-
शस्य अपार,
हिल-हिल
खिल-खिल,
हाथ मिलाते,
तुझे बुलाते,
विप्लव-रव से छोटे ही शोभा पाते।
रुद्ध कोष है, क्षुब्ध तोष,
अंगना-अंग से लिपटे भी
आतंक-अंक पर काँप रहे हैं

Scanned with CamScanner

धनी, वज्र-गर्जन से बादल!
त्रस्त नयन-मुख ढाँप रहे हैं।
जीर्ण बाहु, है शीर्ण शरीर
तुझे बुलाता कृषक अधीर,
ऐ विप्लव के वीर!"[16]

भारत में आधुनिकता के आगमन की प्रक्रिया काफी जटिल और भिन्न है उसमें ढेर सारी सकारात्मकता है तो कुछ नकारात्मकता भी है और छायावादी साहित्य दोनों अर्थों में इस प्रक्रिया का प्रतिनिधित्व करता दिखाई पड़ता है। इस लेख के अंतिम बिन्दु के रूप में हम छायावादी रहस्यवाद और आधुनिकता से उसके संबंध की पड़ताल करेंगे। डॉ. नामवर सिंह के अनुसार - "रहस्य भावना प्राचीन है, लेकिन रहस्यवाद आधुनिक है और हिन्दी में छायावादी काव्यान्दोलन से संबद्ध है।"[17]

छायावाद का आधार था नव्यवेदांत अर्थात वेदान्त दर्शन की नवीन युग के अनुरूप पुनर्व्याख्या। यह व्याख्या अद्वैत दर्शन पर आधारित थी, किन्तु यह अद्वैत दर्शन का प्राचीन वैयक्तिक साधनपरक तत्वों से हटा नवीन समाजिकता के धरातल पर अवतरण था। छायावाद ने अपने युग के यांत्रिक भौतिकवाद के विरुद्ध प्रतिक्रिया व्यक्त की। यांत्रिक भौतिकवाद प्रकृति और मनुष्य के बीच उपयोगितामूलक व्यवसायिक संबंध स्थापित करता था, छायावाद ने प्रकृति को एक चेतन व्यक्तित्व, विराट सत्ता के रूप में देखा। छायावादी रहस्यवाद के वस्तुगत स्रोतों को देखें तो पहला ही तत्व कवि में आत्मप्रसार तथा आत्मविस्तार की अदम्य आकांक्षा के रूप में दिखाई देता है। वास्तव में यह सभी प्रकार की देशकालगत बहिरंग व अंतरंग रूढ़ियों से मुक्ति की कामना के रूप में तथा कहीं रूप और नाम की सीमा में घिरे जगत से निर्बंध होने की लालसा के रूप में आता है। डॉ. नामवर सिंह इसका सामाजिक आधार स्पष्ट करते हुए लिखते हैं - 'यह जो अज्ञात और असीम की अभिलाषा है, वह वस्तुतः ज्ञात सीमाओं के असंतोष से उत्पन्न हुई है, और यह असंतोष तथा अभिलाषा केवल दिमागी ऐय्याशी नहीं है, बल्कि इसका सामाजिक आधार है, यह असंतोष और महत्वाकांक्षा उस मध्यवर्गीय व्यक्ति की है जो मध्ययुगीन पारिवारिक और सामाजिक रूढ़ियों को तोड़कर उन्मुक्त वातावरण में साँस लेने के लिए आकुल हो रहा था।'[18]

मध्यकाल की रहस्यभावना में मुक्ति की कामना इहलोक के बंधनों से थी, परलोक के लिए, किन्तु छायावादी रहस्यभावना में कवि इहलोक के बंधन इहलोक के लिए ही तोड़ना चाहता है। उसकी मुक्ति का सारा प्रयोजन लौकिक और मानवीय है। इसी प्रेरणा के वशीभूत होकर पंचवटी प्रसंग में राम कहते हैं –

'छोटे से घर की लघुसीमा में
बंधे हैं क्षुद्रभाव
यह सच है प्रिये
प्रेम का पयोधि तो उमड़ता है
सदा ही निः सीम भू पर।'[19]

निराला का वेदान्त दर्शन से जुड़ाव आरंभ से ही रहा, लेकिन यह वेदान्त गतिहीन, जड़, लोकनिरपेक्ष न होकर सामाजिक आधार पर प्रतिष्ठित है। कवि के भीतर एक द्वंद्व चलता है -जगत को माया समझने और उसका त्याग करने की सदियों से चली आ रही अवधारणा और जगत के शोषित, पीड़ित मनुष्य को लेकर, लेकिन इस द्वंद्व से निकलता हुआ कवि मानवमात्र का पक्ष लेता है और इसमें उसे अधिवास छूटने का भी कोई दुख नहीं है। प्रकृति के अनंत यौवन और सुषमा और मनुष्य जगत के दीन-हीन जीवन के बीच महादेवी प्रश्न करती हैं –

Scanned with CamScanner

'देखूँ खिलती कलियाँ या
प्यासे सूखे अधरों को
तेरी चिर यौवन सुषमा
या जर्जर जीवन देखूँ।'[20]

यही प्रश्न कामायनी का मनु कुछ इस प्रकार करता है - 'वन गुहा कुंज-मरुअंचल में हूँ खोज रहा अपना विकास।' 21 यह विकास मनु का अपना नहीं, मनुष्यमात्र का है। वह प्रगति आकांक्षी मनुष्य है जो कहीं रुकना नहीं चाहता, एक लालसा उसे निरंतर उद्वेलित किए रहती है और यह लालसा अपने को खोजने और इसके माध्यम से मनुष्य मात्र के संधान की लालसा है, लेकिन इसके साथ ही मनु आधुनिक, औद्योगिक पूंजीवादी युग की स्पर्धा, स्वार्थ और प्रगति की कल्पनाएं भी उभारता है। कामायनी की मूल चिंता मनुष्य की चेतना में पड़ी दरार ज्ञान, इच्छा और क्रिया में असंगति को दूर करने की और उन्हें सामरस्य में ढालने की है। मनु की प्रगति कामना उसे मनुष्य सभ्यता के विकास के विभिन्न चरणों वन्य-जीवन, कृषि-उद्योग में ले जाती है, वह इनके निर्माण के लिए उत्तरदायी है, उसकी चेतना का विकास उसे श्रद्धा और बुद्धि के द्वंद्व से मुक्त समरसता की भूमि पर ले जाता है। वस्तुतः यह समरसता मानव -समाज की समरसता है ,जहाँ किसी प्रकार का भेदभाव नहीं है और यही प्रसाद के समरसता दर्शन का समाजशास्त्रीय परिप्रेक्ष्य है।

वस्तुतः छायावाद ने अपने समय की बहुत सी रूढ़ियों को तोड़ा था, लेकिन रूढ़ियाँ मनुष्य निर्मित होते हुए भी अपनी सघनता और दीर्घगामिता में मनुष्य के ही वश से बाहर हो जाती हैं। वे मनुष्य के अवचेतन में ग्रंथियों, कुंठाओ के रूप में पैठ जाती हैं। छायावादी कवि अपनी अपरिसीम जीवनाकांक्षा और सौन्दर्य तत्व को सामाजिक विधि-निषेधों के तले दबकर फासिल बनते जाने की प्रक्रिया को सौंप नहीं सकता था और खुलकर अभिव्यक्ति भी नहीं हो सकती थी, क्योंकि तत्कालीन समाज इसके अनुकूल नहीं था, अतः वह प्रकृति की शरण में जाता है और रहस्य के रूप में अपने विचारों को वाणी देता है।

इस तरह से हम देखते हैं कि हिन्दी जगत में आधुनिकता की चेतना के विस्तार में छायावाद की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। छायावाद ने परम्पराओं का मूल्यांकन करते हुए समाज के लिए नवीन मूल्यों की प्रतिष्ठा भी की। जिस वैज्ञानिक और तार्किक सोच के साथ छायावादी काव्य आकार लेता है वह निश्चित ही आगे आने वाले कवियों के लिए एक आधार का निर्माण भी करता है।

हिन्दी विभाग
शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय
बैकुंठपुर, जिला कोरिया, छत्तीसगढ़

सन्दर्भ -


1. डॉ. रामधारी सिंह दिनकर : आधुनिक बोध, पंजाबी पुस्तक भंडार, दिल्ली प्रथम संस्करण 1973 पृ. 44
2. स. परमानंद श्रीवास्तव : समकालीन हिन्दी आलोचना, साहित्य अकादमी ,डिल्ले प्रथम संस्करण 1998 पृ. 254
3. सं रामकली सर्राफ : भारत दुर्दशा, विश्वविद्यालय प्रकाशन 2002 पृ. 6
4. डॉ. राम स्वरूप चतुर्वेदी : आधुनिक कविता यात्रा, लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद तृतीय संस्करण -2005 (पुनर्मुद्रण)
5. स. नन्द किशोर नवल : निराला रचनावली, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली चतुर्थ संस्करण-2006 (भाग-1) पृ. 47-48
6. डॉ. बच्चन सिंह : आधुनिक हिन्दी साहित्य का इतिहास, लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद-1999 पृ. 140
7. स. नन्द किशोर नवल : निराला रचनावली, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली चतुर्थ संस्करण-2006 (भाग-1) पृ. 328


Scanned with CamScanner

8. सुमित्रनंदन पंत : पल्लव, राजकमल प्रकाशन-दिल्ली, नौवा संस्करण 1993 पृ. 56
9. महादेवी वर्मा : सांध्यगीत, लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद-2002 पृ. 53
10. निराला रचनावली भाग-1 पृ. 339
11. डॉ. शम्भुनाथ : दूसरे नवजागरण की ओर, ज्ञानभारती दिल्ली-1993 पृ. 200
12. महादेवी वर्मा : सांध्यगीत, लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद-2002 पृ. 66
13. जयशंकर प्रसाद : लहर, लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद-2002 पृ. 67
14. आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी : हिन्दी साहित्य : उदभव और विकास, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, छठा संस्करण-1990 पृ. 243
15. डॉ. नगेन्द्र : आधुनिक हिन्दी कविता की मुख्य प्रवृत्तियाँ, पृ.11
16. सं. नन्द किशोर नवल : निराला रचनावली, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली चतुर्थ संस्करण -2006 (भाग-1 ) पृ-135-136
17. डॉ. नामवर सिंह : आधुनिक साहित्य की प्रवृत्तियाँ, लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद-2008 पृ. 38
18. वहीं पृ. 43
19. स. नन्द किशोर नवल : निराला रचनावली, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली चतुर्थ संस्करण -2006 (भाग-1 ) पृ- 51
20. सं. निर्मला जैन : महादेवी साहित्य, समग्र प्रकाशन, नई दिल्ली 2000 पृ. 132
21. जयशंकर प्रसाद : कामायनी, लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद 1989 (कर्म सर्ग) पृ. 103 बौद्ध धर्म

Scanned with CamScanner

# मध्य भारती

मानविकी एवं समाजविज्ञान की द्विभाषी शोध-पत्रिका
ISSN 0974-0066
(अंक-74, जनवरी-जून, 2018)

**संरक्षक**
प्रो. राघवेन्द्र पी. तिवारी
कुलपति

**प्रधान सम्पादक**
प्रो. अम्बिकादत्त शर्मा

**सम्पादक**
प्रो. निवेदिता मैत्रा
डॉ. पंकज चतुर्वेदी
डॉ. आशुतोष कुमार मिश्र

**प्रबन्ध सम्पादक**
डॉ. छबिल कुमार मेहेर

**डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय**
सागर (मध्यप्रदेश) - 470003
दूरभाष : (07582) 264455
ई-मेल : madhyabharti.2016@gmail.com

Scanned with CamScanner

शोध पत्रिका
2019
मूल्य : 100 रुपए

ISSN : 0974-7958

# शोधश्री

संरक्षक :
डॉ. पी. के. कालड़ा
निदेशक, दयालबाग़ एजुकेशनल इंस्टीट्यूट, आगरा

परामर्श :
प्रो. जे. के. वर्मा, डीन, कला संकाय
प्रो. शर्मिला सक्सेना, अध्यक्ष हिंदी विभाग

संपादक :
डॉ. प्रेमशंकर सिंह
डॉ. बृजराज सिंह

संपादन सहयोग :
डॉ. रंजना पांडे
अरविंद, पूजा यादव,
प्रीति, गुर प्यारी यादव

संपादकीय संपर्क :
हिंदी विभाग, दयालबाग़ एजुकेशनल इंस्टीट्यूट, आगरा
ई-मेल : shodhshreedei@gmail.com
मोबाइल : 9838709090, 9415703379

**दयालबाग़ एजुकेशनल इंस्टीट्यूट, आगरा**

प्रकाशक, मुद्रक दयालबाग़ एजुकेशनल इंस्टीट्यूट, दयालबाग़, आगरा के लिए दयालबाग़ एजुकेशनल इंस्टीट्यूट, दयालबाग़, आगरा से प्रकाशित और आर.के. ऑफसैट प्रोसेस, एम.-28, नवीन शाहदरा, दिल्ली-32 से मुद्रित। संपादक : डॉ. प्रेमशंकर सिंह/डॉ. बृजराज सिंह

# अनुक्रम


संपादकीय 3

भोजपुरी और राजस्थानी लोकगीतों की समान भाव भूमि / *डॉ. महीपालसिंह राठौड़* 4

केदारनाथ मिश्र 'प्रभात' प्रणीत 'कैकेयी' महाकाव्य में नूतन उद्भावना / *डॉ. जयश्री बंसल* 10

प्रासंगिकता का सवाल और भक्ति काल / *डॉ. क्रान्ति बोध* 14

आधुनिकतावादी संत्रास के व्याख्याकार : विजयदेव नारायण साही / *मृत्यंजय* 19

मोहन राकेश के नाटकों में आधुनिकता एवं उत्तर आधुनिकता की अभिव्यक्ति / *डॉ. पाण्डव कुमार* 24

राही मासूम रज़ा के 'आधा गाँव' उपन्यास में दलित विमर्श / *मोनिका कुमारी* 30

बागड़ी समाज के रीति-रिवाज व विभिन्न रस्में / *डॉ. राजेन्द्र कुमार सेन* 33

शृंखला की कड़ियाँ : स्त्री-मुक्ति का दस्तावेज / *शुभम यादव* 40

समकालीन हिंदी कविता की भाषा संरचना / *ज्योति यादव* 43

राजस्थान में आजादी के बाद कला यात्रा / *डॉ. मोहन लाल जाट* 46

स्त्री विमर्श और महादेवी वर्मा का काव्य / *डॉ. कामिनी* 50

पद्मावत में लोकतत्व और भारतीय संस्कृति / *मंजू चौरसिया* 53

हिन्दी रंगालोचन का स्वरूप / *डॉ. अल्पना त्रिपाठी* 56

सर्वेश्वर दयाल सक्सेना की काव्ययात्रा / *डॉ. अवधेश त्रिपाठी* 64

दलित साहित्य की वैचारिक बहस के कुछ आयाम / *डॉ. दीपक सिंह* 74

हिन्दी कथा साहित्य में ग्राम / *डॉ. रंजना पाण्डेय* 79

ग़ालिब : आधुनिक चेतना / *डॉ. नमस्या* 84

मैत्रेयी पुष्पा के 'विज़न' उपन्यास में परिलक्षित स्त्री पुरुष संबंध / *अलका यादव* 87

# स्त्री विमर्श और महादेवी वर्मा का काव्य

**डॉ. कामिनी ***

समकालीन समय में स्त्री विमर्श स्त्री मुक्ति के संदर्भ में पारिभाषित किया जाता है। पुरुष शासित समाज में स्त्री को जो रूप दिया गया है उसके साथ अपनी सहमति-असहमति और विरोध के साथ स्वयं की सत्ता का अहसास ही स्त्री विमर्श है जैसा कि डॉ. रामपाल गंगवार लिखते हैं—''स्त्री विमर्श का दर्शन वस्तुतः स्त्री की मुक्ति से संबंधित है यह मुक्ति मानसिक-भौतिक एक साथ है। मानसिक मुक्ति का संबंध सांस्कृतिक मुक्ति से है, सामाजिक सोच में परिवर्तन से है।''[1]

विमर्श के रूप में 'स्त्री-विमर्श' उत्तर आधुनिकतावादी दौर के साथ शुरू होता है। विमर्श को शक्ति या सत्ता को अधिकृत करने का साधन माना जाता है। स्त्री का पुरुष वर्चस्व से मुक्त होकर पुरुषों के बराबर राष्ट्रीय और सामाजिक विकास में अपनी भूमिका निर्धारित करने के लिए शक्ति सम्पन्न हो सकना ही स्त्री विमर्श है वस्तुतः स्त्री के जागृत होने को ही स्त्री विमर्श कहा जा सकता है। भारत में नारी जागरण की शुरुआत नवजागरण के साथ होती है। उस समय स्त्री की स्थिति का प्रश्न महत्त्वपूर्ण था। जन्म से लेकर मृत्यु तक वह पुरुष की इच्छा पर निर्भर थी। नवजागरण के दौरान महात्मा ज्योतिबाराव फुले और उनकी पत्नी साबित्री देवी फुले ने न केवल स्त्रियों की सामाजिक गुलामी के विरूद्ध आवाज उठाई, बल्कि उन्होंने शिक्षा के अधिकारों का भी समर्थन किया।

स्त्री विमर्श की दृष्टि से सन् 1882 का वर्ष स्त्री जागरण में महत्त्वपूर्ण स्थान रखता है क्योंकि इसी वर्ष महाराष्ट्र की क्रांतिकारी महिला ताराबाई शिन्दे की पुस्तक 'स्त्री-पुरुष तुलना' छपी, जिसमें स्त्री-दृष्टि से महाराष्ट्र की पितृसत्तात्मक समाज व्यवस्था की आलोचना की गई है। इसी वर्ष हिन्दी में भी एक पुस्तक छपी—'सीमंतनी उपदेश'। इसकी लेखिका को अज्ञात हिन्दू औरत माना गया है। इस पुस्तक में नारी जागरण और उसकी, आजादी की आवाज अत्यन्त बुलन्द स्वर में उठाई गई है—सीमंतनी उपदेश में विधवा जीवन, सती-प्रथा, पतिव्रता तथा सतीत्व सम्बन्धी भ्रामक धारणाओं का खण्डन किया गया है। भारतीय स्त्री की पराधीनता की पीड़ा का जिक्र उनके इस कथन से स्पष्ट है—''अगर इस दुनिया में कुछ खुशी है तो उन्हीं को है जो अपने तईं आजादी रखते हैं। हिन्दुस्तानी औरतों को तो आजादी किसी हालत में नहीं हो सकती। बाप, भाई, बेटा, रिश्तेदार- सभी हुकुमत रखते हैं। मगर जिस कद्र खाविन्द जुल्म करता है उतना कोई नहीं करता, लौंडी तो यह सारी उम्र सब ही की रहती है, पर शादी करने से बिल्कुल जरखरीद हो जाती है। इस दुनिया में चाहे बादशाहत की नियामत मिले और आजादी न हो, नर्क के बराबर है।[2]

बीसवीं सदी से दूसरे दशक में नारी जागरण का यह स्वर और मुखर हुआ और स्त्री जीवन से जुड़ी विभिन्न पत्रिकाओं का प्रकाशन प्रारम्भ हुआ। हिन्दी नवजागरण के अग्रदूत भारतेन्दु 'बालाबोधिनी' पत्रिका निकाल कर और 'नारी नर सम होहिं' कहकर पहले ही नारी जागरण की वकालत कर चुके थे। इसी के बाद महादेवी वर्मा भी चाँद पत्रिका के साथ हिन्दी साहित्य के परिदृश्य पर आती हैं। महादेवी वर्मा चाँद से घनिष्ठ रूप से जुड़ी हुई है थीं, पहले एक कवि के रूप में और बाद में एक सम्पादक के रूप में। सन् 1935 में चाँद का विदुशी अंक महादेवी वर्मा के संपादन में निकला। इसके माध्यम से उन्होनें स्त्रियों को आत्म सजग करने का प्रयास किया।

महादेवी के सन्दर्भ में विचार करते हुए आलोचक अक्सर उनके गद्य एवं पद्य को अलग-अलग करके आँकते हैं और विश्लेषण मुख्यतः उनके कविता-प्रसंग के अन्तर्मुखता, वैयक्तिकता, विरह, वेदना जैसे शब्दों के इर्द-गिर्द घूमता रह जाता है महादेवी का व्यवस्था के ख़िलाफ़ आक्रोश और परिवर्तन की माँग करता हुआ गद्य हाशिये पर चला जाता है जो महादेवी के जीवन का देखा, झेला एवं अनुभव किया यथार्थ भी था। यह खण्डित आलोचना दृष्टि सीधे तौर पर मान लेती है कि ''अपनी हरसाँस का इतिहास लिख डालने को आतुर कवयित्री गद्य में तो अपनी

सहायक प्राध्यापक हिन्दी, शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बैकुंठपुर

सामाजिक भावना को व्यक्त करती है और कविता में अपने विशिष्ट आत्मीय जीवन-प्रसंगों को।''[3] महादेवी वर्मा की कविता के मूल्यांकन के सन्दर्भ में प्राय: एक आलोचनात्मक पूर्वाग्रह दिखाई देता है कि महादेवी दुख की, पीड़ा की, वेदना की कवयित्री है। महादेवी की कविता मे रहस्यवाद की खोज की जाती है। उस दुख, पीड़ा वेदना के पीछे भारतीय नारी का जो चित्र महादेवी जी ने खींचा उसकी ओर प्राय: आलोचकों का ध्यान नहीं जाता। उनके गद्य में जो स्पष्ट है, वही उनकी कविताओं में छिपा हुआ है। भारतीय स्त्री के जीवन के अनुभवों, आकांक्षाओं की अभिव्यक्ति वे श्रंखला की कड़ियाँ में स्पष्ट रूप से करती है तो उनके काव्य को उससे अलग करके कैसे देखा जा सकता है उनके मूल्यांकन के सन्दर्भ में पन्त जी के विचार द्रष्टव्य हैं— ''उन्हें हमें मध्य युगों की पीठिका से हटाकर इसी युग के बाहरी-भीतरी बौद्धिकी, हार्दिक, सामाजिक तथा सांस्कृतिक, सशक्त, मर्मस्पर्शी, लोकव्यापी प्रभावों की संश्लिष्ट संग्रहित भूमिका पर खड़ा कर देखना चाहिए।''[4]

महादेवी के काव्य में जो आँसू हैं, वह किसी कमजोरी के पर्याय के रूप में नहीं आते, ये आँखों के वे उजले आँसू हैं, जिससे धुलकर जीवन नया अर्थ पाता है। इस आँसू या वेदना का अर्थ पराजय या पलायन नहीं है अपितु वह नारी के दुखते कष्टों की, नारी अवचेतना की स्पष्ट अभिव्यक्ति है। प्रो. मैनेजर पाण्डेय के अनुसार—''महादेवी वर्मा की कविता में जो दुख, वेदना, निराशा और अंतर्मुखता है, वह सब उनके समय की और आज की भी भारतीय स्त्री के जीवन की वास्तविकताएं हैं और सम्भावनाएं भी।''[5]

महादेवी के नारी-मन ने समाज से यह छूट पहली बार ली कि यह कह सके कि 'उनसे कैसे छोटा है मेरा यह भिक्षुक जीवन'।[6] प्रियतम को बराबरी में पाना-अपनाना महादेवी को मान्य है, लेकिन पुरुषवाद के प्रति खुला विद्रोह और हिकारत का भाव। महादेवी नारी की मुक्ति, उसकी स्वतंत्रता के लिए संघर्ष करती हैं। नारी-मुक्ति के लिए महादेवी के काव्य में तीव्र बेचैनी है नारी जागरण का सामाजिक विस्तार उनकी चेतना के कोने-कोने में दहक रहा हैं। तभी वह कह सकी हैं—

''कीर का प्रिय आज आज पिंजर खोल दो/हो उठी है चंचु छूकर/तीलियाँ भीवेणु सस्वर/वन्दिनी स्पन्दित व्यथा ले/ सिहरता जड़ मौन पिंजर/आज जड़ता में इसी की बोल दो।'[7]

यह जड़ता उस नारी-जीवन की जड़ता है, जो सदियों से पुरुष -वर्चस्व के भीतर जीती आई है। महादेवी की पीड़ा व्यक्तिगत न होकर सामंती जंजीर में जकड़ी सामाजिक रूढ़ियों से ग्रस्त नारी जीवन की पीड़ा है। छायावादी काव्य में भारतीय नारी जीवन की सिसकती पीड़ा को जोड़ देना महादेवी जी के काव्य का मौलिक योगदान है भारतीय समाज में परतंत्र नारी के करूणा का भी यह प्रतीक है। कवयित्री ने नारी की भावनाओं की अभिव्यक्ति अपनी कविताओं में अनेक रूपों से की है।

महादेवी जी के काव्य में पुरुष वर्चस्ववाद से घिरी अकेली नारी की पीड़ा है। ''महादेवी जी के आँसुओं में व्याप्त यातना में नारी-व्यथा की वास्तविकता का वह इतिहास मौजूद है, जिसे अभी पुरुष प्रधान वर्चस्ववाद में ठीक से लिखा नहीं जा सका है। इस नारी दमन की कथा-व्यथा को भविष्य में स्त्री-विमर्श अपने ढंग से अवश्य लिखेगा और इन गीतों के दमित अर्थ का मिशेल फूको की शक्ति सत्ता थियरी से मदद लेकर नया पाठ नया विमर्श या साक्ष्य प्रस्तुत करेगा।''[8]

महादेवी जी की कविता में अँधेरा बहुत बार आता है, लेकिन इस अँधेरे के साथ-साथ एक दीपक भी आता है, जो महादेवी जी को बहुत प्रिय है। जैसा कि वह 'दीपशिखा' की भूमिका में कहती हैं-आलोक मुझे प्रिय है पर दिन से अधिक रात का दिन में तो अंधकार से उनके संघर्ष का पता ही नहीं चलता, परंतु रात में हर झिलमिलाती लौ योद्धा की भूमिका में अवतरित होती है। उनके इस कथन से उनकी संघर्षप्रियता का पता चलता है। उनकी कविता पर बार-बार जो पलायन का आरोप लगाया जाता है, वह संघर्ष की स्थिति में कैसे सम्भव है। महादेवी जी के यहाँ अंधकार से संघर्ष करने वाला दीपक भारतीय स्त्री की तरफ है। जो निरन्तर अपने अस्तित्व के लिए जूझ रही हैं। प्रो. मैनेजर पाण्डेय के अनुसार—''उनकी कविता में अंधकार से आलोक का जो संघर्ष है, वह भारतीय स्त्री के जीवन की पराधीनता से स्वाधीनता की आकांक्षा का सघर्ष है।''[9]

महादेवी जी के यहाँ संघर्ष नारी-जागरण के रूप में आता है। महादेवी जी ने अपनी पुस्तक 'शृंखला की कड़ियाँ' में जो कुछ लिखा, वह किसी स्त्री-केन्द्रित चिन्तन का पश्चिमी अनुकरण नहीं था और न ही वे स्त्री शोषण का सुसम्बद्ध इतिहास लिखने की कोशिश कर रहीं थी बल्कि उनके इस विमर्श का केन्द्र भारतीय स्त्रियों की दयनीय स्थिति थी। स्त्रियों की इस दयनीय स्थिति और उस स्थिति से संघर्ष का चित्रण महादेवी जी अपनी कविता में करती हैं। यह संघर्ष सामाजिक-राजनीतिक समस्याओं के प्रति सजगता और नर-नारी की समानता के भाव के रूप में आता हैं। वह नारी के भोगवाद और रीतिवाद का पर्याय मानी जाती थी, वह महादेवी के काव्य में एक सशक्त नारी के रूप में आती है, तभी महादेवी जी कहती हैं कि—

''चिर सजग आँखे उनींदी आज कैसा व्यस्त बाना!

जाग तुझको दूर जाना/कह न ठंडी साँस में, अब भूल वह जलती कहानी/आग हो उर में तभी दृग में सजेगा आज पानी/

हार भी तेरी बनेगी मानिनी जय की पताका/राख क्षणिक पतंग की है अमर दीपक की निशानी/है तुझे अंगार-शय्या पर मृदुल कलियाँ बिछाना/जाग तुझको दूर जाना।''[10]

महादेवी जी की कविताओं में आँसू इसीलिए है क्योंकि उर में आग है। यह आग ही स्त्री-जागरण में सहायक हैं। प्राचीन काल से सामंती बंधनों में जकड़ी नारी अपनी मुक्ति के लिए छटपटा रही है। वह सदियों से एक निश्चित सीमा में कैद रही है तभी वह कह सकी है कि—''तोड़ दो यह क्षितिज मैं भी देख लूँ उस ओर क्या है?''[11] उस ओर के संसार को देख लेने की लालसा नारी को जागृत करने में सहायक रही हैं। अब वह इतनी हिम्मत कर सकी है कि क्षितिज को अर्थात् उस रहस्यमय आवरण को तोड़ने की बात कर रही हैं, जिसमें वह सदियों से आबद्ध रही हैं।

महादेवी जी के यहाँ स्वतंत्र नारी-व्यक्तित्व की व्यंजना के संकेत है। पुराने जर्जर मूल्यों से पैदा हुए संस्कारों के प्रति वह क्रांतिकारी हैं तभी अपने प्राणों का दीप जलाकर वह दीवाली मनाती हैं –

''अपने इस सूनेपन की मैं हूँ रानी मतवाली
प्राणों का दीप जलाकर करती रहती दीवाली''[12]

महादेवी जी के यहाँ जो आत्माभिव्यक्ति की आकांक्षा है, वह आत्मप्रसार करना चाहती है उनके काव्य में आये हुए चातक, बादल और दीपक सभी मुक्ति के प्रतीक हैं। आत्म प्रसार में कवयित्री सारे बंधनों को तोड़ देना चाहती है महादेवी के काव्य में प्रिया, प्रेयसी, सजनी, सखी, प्रियतम से ऊँचे आसन पर बैठी दिखाई देती है, जो नारी जागरण का प्रतीक है। महादेव जी के इस नारी चिंतन के बारे में प्रो. कृष्णदत्त पालीवाल का कथन द्रष्टव्य है—''इन नारी-मन के चिंतन और चिति में जो प्रभु या प्रिय या करूणानिधि बसा हुआ है, उसमें भी पति का मध्ययुगीन आतंक नहीं है। आधुनिक जीवन और उस चिंतन से उत्पन्न बराबरी का समानता, बंधुता का भाव हैं जहाँ कहीं बराबरी का भाव न होने का अहसास मात्र हुआ है वहाँ पर गहरा आक्रोश शब्दमूर्त हुआ है।'उनसे कैसे छोटा है मेरा यह भिक्षुक जीवन'' जैसे ललकार-भरे कथन हैं प्राचीन बाल-विवाह और स्वयं का बाल-विवाह उनमें स्थायी दर्द बनकर उठता हैं नारी-पुरुष को वे मात्र दाम्पत्य बंधन में नहीं जकड़ती, बल्कि दांपत्येतर रिश्तों में बाँधती है। इस तरह भारतीय नारी का संचित-दमन-संत्रास-कुंठा इस काव्यात्मकता में विरेचन पाता है—पावनता जनित विवेक के साथ।''[13]

महादेवी वर्मा ने जो चिंतन अपने ग्रन्थ शृंखला की कड़ियाँ में किया है, वही उनके काव्य में भी देखा जा सकता है। काव्य और गद्य को अलग-अलग करके नहीं देखा जा सकता। उनकी 'शृंखला की कड़ियाँ' अगर गद्य में स्त्री-विमर्श की शुरुआत है जैसा कि शिव कुमार मिश्र जी कहते हैं—''महादेवी की शृंखला की कड़ियाँ सही मायने में स्त्री-विमर्श को शुरू करने वाली किताब है। हमारे समाज में स्त्री की हैसियत उसकी अस्मिता से जुड़े जो तमाम मुद्दे हैं, वे सब महादेवी ने इस किताब में उठाये है।''[14] तो उनका काव्य भी भारतीय स्त्री की मुक्ति की छटपटाहट का काव्य है। एक स्त्री होकर उस युग में महादेवी जी ने जो कुछ रचा वह एक नारी के द्वारा नारी की व्यथा का चित्रण था। उस युग में बहुत स्पष्ट नहीं कहा जा सकता था, इसलिए महादेवी जी ने कई बार छिपाकर कहना चाहा है, जिसके लिए उन पर रहस्यवाद के आवरण का आरोप लगाया जाता है।

## संदर्भ-ग्रंथ-सूची


1. मुक्तिबोध : कामायनी एक पुनर्विचार, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, 1991 पृ. 115
2. डॉ. रामपाल गंगवार : समकालीन प्रश्न और साहित्य चिंतन, राका प्रकाशन, इलाहाबाद, प्रथम संस्करण-2007 पृ. 48
3. सं. डॉ. धर्मवीर : सीमन्तनी उपदेश, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली, संस्करण-2006 पृ. 84
4. सं. परमानन्द श्रीवास्तव : महादेवी, लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद 2003 पृ. 20
5. सं. इन्द्रनाथ मदान : महादेवी, राधाकृष्ण प्रकाशन, नई दिल्ली-2005 पृ. 14
6. प्रो. मैनेजर पाण्डेय : अनभै साँचा, पूर्वोदय प्रकाशन, दिल्ली पृ. 178
7. सं. प्रो. निर्मला जैन : महादेवी साहित्य समग्र-1 वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली-2000 पृ. 49
8. महादेवी वर्मा : सान्ध्यगीत, लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद, 2002 पृ. 64
9. प्रो. कृष्णदत्त पालीवाल : नवजागरण और महादेवी वर्मा का रचना कर्म: स्त्री विमर्श के स्वर, किताब घर प्रकाशन, दिल्ली-2010 पृ. 45
10. प्रो. मैनेजर पाण्डेय : अनभै साँचा, पूर्वोदय प्रकाशन, दिल्ली पृ. 179
11. महादेवी वमा: सान्ध्यगीत, लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद-2002 पृ. 62-63
12. वही पृ. 60
13. सं. प्रो. निर्मला जैन : महादेवी साहित्य समग्र-1, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली-2000 पृ. 41
14. प्रो. कृष्णदत्त पालीवाल : नवजागरण और महादेवी वर्मा का रचना कर्म स्त्री विमर्श के स्वर, किताब घर प्रकाशन, दिल्ली 2010 पृ. 96
15. गवेशणा पत्रिका (स्त्री की भाषा/महादेवी के संदर्भ में) अंक 87, 2007 पृ. 167

Impact Factor-7.675 (SJIF) ISSN-2278-9308

# B.Aadhar

Peer-Reviewed & Refereed Indexed

Multidisciplinary International Research Journal

April -2021

ISSUE No- 291 (CCXCI )F

## Women's Empowerment Issues and Challenges



**Chief Editor**
Prof. Virag S. Gawande
Director
Aadhar Social
Research & Development
Training Institute Amravati

**Editor**
Asst. Prof. Baliram Pawar
Head, Department of Sociology
Mahatma Phule Mahavidyalaya
Kingaon Latur Maharashtra

**Editor**
Sadhana Sarmah
Department of Sociology
Nandalal Borgohain
City College Dibrugarh. Assam

This Journal is indexed in :
- Scientific Journal Impact Factor (SJIF)
- Cosmos Impact Factor (CIF)
- International Impact Factor Services (IIFS)

For Details Visit To : www.aadharsocial.com

Aadhar Publications

B.Aadhar' International Peer-Reviewed Indexed Research Journal
Impact Factor - (SJIF) –7.675, Issue NO, 291 (CCXCI) F
ISSN : 2278-9308
April, 2021

# भारतीय समाज में महिलाओं की स्थिति एवं सामाजिक समस्याओं का समाजशास्त्रिय अध्ययन .ओडिशा राज्य के जिला गंजाम के बादी आमगांव ग्राम पंचायत के विशेष सन्दर्भ मे

बिक्की राम
अतिथि व्याख्याता (समाजशास्त्र)

सारांश:—

विश्व में मानव अधिकारों के प्रति जागरूकता के विकास के साथ महिलाओं के अधिकारों के प्रति चिंता बढ़ी है। जब देश स्वतंत्र नही हुवा था उस समय महिलाओ की स्थिति एक चिंता जनक बन गयी थी उनकी सामाजिक स्थितिया दयनिय बन गई थी उन्हे किसी भी प्रकार का सामाजिक अधिकार नहीं था ये समस्याएँ आजादी के बाद ७३ वर्षो की विकास यात्रा में देश में महिलाओं , उनकी शिक्षा, स्वास्थ्य, आर्थिक स्थिति और सामाजिक मान्यताओं के प्रति दृष्टिकोण में परिवर्तन की लहर अवश्य लक्षित है। लेकीन उनकी विकास की स्थिति और दशा आज भीदयनिय एवं सोचनिय है।

प्रस्तावना—:

भारत मे महिलओं की स्थिति ने पिछली कुछ सदियों में कई बड़े बदलाव का सामना किया है।प्रचीन काल में पुरूष के साथ बराबरी की स्थिति से लेकर मध्ययुगीन काल के निम्न स्तरीय जीवन और साथ ही कई सुधारकों द्वारा समाज अधिकारों को बढ़ावा दिए जाने तक भारत में महिलाओं का इतिहास काफी गतीशील रहा है। आधुनिक भारत में महिलाएं राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री,लोकसभा अध्यक्ष, का प्रतिपक्ष का नेता आदि जैसे शीर्ष पदों पर आसीन हुई है।किसी भी सभ्य समाज की स्थिति उस समाज में स्त्रियों की दशा देखकर ज्ञात की जा सकतीहै। महिलाएं की स्थिति में समय—समय पर देश काल के अनुसार परिवर्तन होता रहा है। समयके साथ भारतीय समाज में अनेक परिवर्तन हुए जिससे महिलाओं की स्थिति में दिन—प्रतिदिन गिरावट आती गई तथा गरीब महिलाओं पर उसका अधिक प्रभाव पड़ा, क्योंकि सैकड़ो वर्षो कीपरतन्त्रता के कारण भारतवर्ष विश्व के सबसे गरीब देशों में से एक है। समाज के निर्माण में महिलाओं की भूमिका उतनी ही प्रमुख है जितनी कि शरीर को जीवित रखने के लिए जल, वायु,और भोजन है। स्त्रियां ही संतति की परम्परा में मुख्य भूमिका निभाती है फिर भी प्राचीन समाज से लेकर आधुनिक कहे जाने वाले समाज तक स्त्रियां उपेक्षित ही रही है। उन्हे कम से कम सुविधाओं, अधिकारों और उन्नति के अवसरों में रखा जाता है, इसी कारण महिलाओं की परिस्थिति अत्यन्त निचले स्तर पर है। भारतीय समाज की परम्परागत व्यवस्था में महिलायें आजीवन पिता, पति और पुत्र के संरक्षण में जीवन—यापन करती रही है। भारतीय संविधान में पुरूषों एवं महिलाओं को समाज दर्जा और अधिकार दिये जाने के बावजूद इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता कि विकास और सामाजिक स्तर की दृष्टि से महिलायें अभी पुंरूषों से काफीपीछे है। भारतीय समाज में महिलायें आज भी कमजोर वर्गों में शामील है। महिला परिवार कीआधारशिला है और सामाजिक विकास बहुत कुछ उसी के सद्प्रयासों से सम्भव है। जिस समाज की महिलायें उपेक्षा और तिरस्कार का शिकार होती है वह समाज कभी प्रगती नहीं कर सकता।

महिलाओं के उपर सामाजिक, आर्थिक, धार्मिक, शैक्षणिक व्यवसायिक एवं अन्य अनेक ऐसी निर्योग्यतायें लाद दी गई है जिसके कारण उन्हे जीवन में आगें बढ़ने एवं व्यक्तित्व का समुचित विकास करने का अवसर नहीं मिलता। ये निर्योयतायें उनके कार्य में दक्षता, योग्यता एवं

कुशलता होने के बावजूद ये महिलायें न तो सार्वजनिक क्षेत्र में अपना योगदान कर सकती थी और न शिक्षा प्राप्त कर सकती थी, न उच्च संस्थानों में नौकरी कर सकती थी और न ही किसी प्रकार का धार्मिक कार्य बिना पुरूष के सम्पादित कर सकती थी। पुरूष वर्ग के साथ खान पान पर प्रतिबंध थां। महिलओं के लिए उच्च वर्ग के दरवाजे पूर्णतया बन्द थे जिससे उन्है विश्वातपूर्ण जिन्दगी घर की चाहरदिवारी के अन्दर व्यतित करनी पढ़ती थी। इन्है पढ़ लिखकर नौकरी करने के अधिकारों से वंचित रखा जाता था। महिलओं के बदतर स्थिति के लियें मूलरूप से ही लड़को लड़कियों को संस्कार रूप में मिलने वाली सोच जिम्मेदार है, उसके बाद परिवारिक, संस्कृतिक, धार्मिक, और सामाजिक परम्पराएं, मुल्य रीति–रिवाज इस दृष्टिकोण से और पुष्टि करतेहै। अतः इस सोच में बदलाव लाना महिला विकास की सबसे बड़ी चुनौती हैं।

महिलाओं की शिक्षा पर बल देते हुए विश्वविद्यालय शिक्षा आयोग (१९४८) के ये ऐतिहासिक शब्द भी ध्यान देने योग्य है, जो निम्न हैः–

'शिक्षित स्त्री के बिना शिक्षित पुरुष हो ही नहीं सकता। यदि पुरूषों और स्त्रियो में से केवल किसी एक के लिये सामान्य शिक्षा का प्रावधान करना हो तो यह अवसर स्त्रियों को दियाजाना चाहिए क्योंकि यह शिक्षा स्वयं एवं अगली पीढ़ी को प्राप्त हो जायेगी।'

सन् १९६३ वन स्थली विद्यापीठ में भाषण देते हुये प० जवाहर लाल नेहरू ने भी इसी तथ्य को दोहराया था कि लड़की की शिक्षा सम्पूर्ण की शिक्षा है।

उपरोक्त विवेचन से महिलाओं के लिए शिक्षा की आवश्यकता एवं महत्व स्पष्ट होता है लेकिन स्त्री शिक्षा उतनी आवश्यक होते हुये भी उपेक्षित है इसलिये महिलओं के सामने यह एक जटिल समस्या एवं चुनौति के रूप में उभरकर सामने आयी है। शैक्षिक, आर्थिक, सामाजिक,राजनितिक आदि सभी दृष्टियों से महिलायें अभी भी पिछड़ी हुई है। कानूनी और सवैंधानिक दृष्टि से अनेक अधिकार प्राप्त होने और योजनागत विकास कार्यकमों के प्रावधान के बावजूद महिलाओ की परिस्थिति शोचनीय ही है।
स्वमी विवेकानन्द के कथनानुसार कोई राष्ट्र तब तक अपना पूर्ण विकास नही कर सकता जब तक कि उसका प्रत्येक नागरिक राष्ट् के विकास में भागीदारी नही बनता।

इस प्रकार स्त्री एक अच्छे समाज और अच्छे राष्ट्र का स्त्रोत होती है। शिक्षा से ही व्यक्ति संकीर्ण मानसिकता और रूढ़िवादि की जंजीरों को तोड़ सकता है। यदि स्त्री शिक्षित है तो पूरा परिवार शिक्षित होता है। शिक्षा ही हमें सामाजिक भेदभाव और ऊँच–नीच की भावनाओं से उबारने का काम करती है। इसलिये स्त्रियों कशिक्षित होना बहुत आवश्यक हो जाता है क्योंकि उसके विचार ही उसके बच्चे होते है अगर यह अपने बच्चों को इन रूढ़िगत विचारों से दूर रखे और यह बताते कि कोई छोटा या बड़ा नही होता। व्यक्ति के कार्य व विचार ही उसे छोटा याबड़ा बनाते है। यदि माता अपने बच्चों मे जाति– भेद और धर्म भेद रहित विचारों का बीजारोपण करे तो आगे चलकर वह एक ऐसा वृक्ष बनेगा जिसमें सामाजिक–समरसत्ता से पुर्ण फल लगेंगे जो बिना किसी भेदभव के छाया भी प्रदान करेगा।

इस प्रकार एक शिक्षित स्त्री एक शिक्षित देश को जन्म देती है। यदि हम इतिहास पर नजर डालें तो हमें ऐसी बहुत सी विदुषी स्त्रियों के नाम मिल जायेंगे जिन्हौने अपनी विद्वता का लोहा मनवाया था और इस प्रकार इतिहास में अपना नाम अमर करवा लिया था। ऐसी स्त्रियों मे अपाला, घोष, गोपा, सावित्री, मैत्रेयी और गार्गी जैसी अन्य अनेक स्त्रियों के नाम मिलते है जिन्हौने विद्यार्जन कर स्त्रियों के अस्तित्व को गौरव प्रदान किया था। उनकी शक्ति थी उनकी विद्या, लेकिन बाद कालों में उनकी यह शक्ति उनसे छीनी जाने लगी। उन्है विद्या से रहित कर दिया गया और यही उनकी स्थिति की अवनत का कारण बना देखा जाय तो आज भी यह स्थिति

प्राप्त नही कर पायी है। हालाकि कुछ हद तक अपने को उबारा है, लेकिन अभी भी पूर्ण रूपेणउन्नति होना बाकी है। सामाजिक कुरीतियों का उसे शिकार बनाया गया। छोटीउम्र में विवह प्रारम्भ हुये , उपनयन संस्कार से उसे वंचित किया जाने लगा, फलस्वरूप उसका व्यक्तित्वकुंठित हो गया है। बाल–विवाह के कारण शिक्षा उससे दिन गई और तब यह केवल संभ्रात परिवारों कीस्त्रियों तक ही सीमित हो गई या पुरूष की संकीर्ण मानसिकता, स्त्री को शिक्षा से वंचित होनापड़ा जिसके कारण वह पर्दा–प्रथा, सती प्रथा, नियोग प्रथा आदि अनेक बुराइयों की बेड़िया काटने में असक्षम हो गई क्योंकि उसका हथियार ''शिक्षा'' उससं छीना जा चुका था। शिक्षा जोकिसिर्फ सर्वांगीण विकास ही नही करती बल्कि हमें समाज में व्याप्त बुराईयों से लड़ने की शक्तिभी प्रदान करती है। वा हमें अपने अधिकारो के प्रति सचेत भी करती है

साहित्य समीक्षायें

अनेक समाजशास्त्रियों, जनसंख्याविदों तथा शिक्षाविदा ने स्त्रियो की सामाजिक स्थिति का अनुभावात्मक अध्ययन किया है तथा अपने विश्लेषण के द्वारा महिलाओं की सामाजिक व्यवसायिकगतिशिलता तथा पुरूषों के समाज शैक्षणिक व सामाजिक अधिकार, परिवार में निर्णय निर्धारक भुमिक तथा प्रदत्त परिस्थिति को नकार कर अर्जित प्रस्थिति द्वारा अपनी क्षमता के नये आयामोंकोउद्घाटित करना, के सन्दर्भ में विभिन्न मत प्रस्तुत किये है। यहाँ शोध समस्या से सम्बधित विभिन्न समाजशास्त्रियों, जनसंख्याविदो तथा शिक्षाविदों के साहित्य का अवलोकन किया गया है जिसमें इनके अध्ययन के निष्कर्षो का संक्षिप्त विश्लेषण किया गया है।

मिनाक्षी मुखर्जी (१९८८) का मत है कि पुरूषो से स्वतंत्र स्त्रियों की पहचान की अभिव्यक्ति वैचारिक दृष्टिसे सम्भव है परन्तु व्यवहारिक तौर पर नहीं। एक पुरूष की अपेक्षा एक स्त्री के लिये सामाजिक अनुपालन अधिक आवश्यक हैं सामान्यत: एक महिला की पहचान स्वयं और अन्य लोगों के द्वारा पुरूषो के साथ एक पुत्री एक पत्नी और एक माँ के रूप में की जाती है।

मीनक्षी का मानना है कि परिवार ही स्त्रियो को गुलाम बनाने वाली संस्था नहीं है। समाज की प्राकृति ही ऐसी है कि जिसमें स्त्रियों के साथ अनुदान रूप में व्यवहार किया जाता है।

गोविन्द केलकर (१९८१) ने अपने अध्ययन में पाया कि हरित कान्ति वाले क्षेत्र पंजाब में स्त्रियोंको दिन–भर कामकाज के बाद पति की सेवा भी करनी पड़ती है। स्त्री द्वारा उलटकर जवाब देना, ठीक तरह से भोजन न परोसना या कभी कभी परिवारिक मामलों में बोलना उनका अपराधमाना जाता है और इसके लिये उनकी पिटाई भी होती है।

कॉपर ने भी कानून की नजर में महिलओं की स्थिति को स्पष्ट करने का प्रयास किया है। इसअध्ययनके आधार पर महिलओं की संवैधानिक स्थिति प्रभुता अधिकार सम्पन्नता कानूनी शक्ति इत्यादि को समझाजा सकता है। वस्तुत: महिलाओं की परिस्थिति को उच्च बनाने की दृष्टि से इनके पक्ष में कानून निर्मित किये गये है किन्तु भारत वर्ष में पुरूष प्रधान समाज होने के कारणभारतीय महिलाओं का एक प्रमुख एवं विचारणीय भाग कानून के प्रविधान से अनभिज्ञ रहा है फिर भी भारतीय समाज की उच्च वर्गीय महिलाओंने इसका लाभ उठाकर अपनी सामाजिक परिस्थिति को उच्च किया है।

आज भी बहुत से ऐसे ग्रामीण लोग है जो वासनात्मक निषेध के कारण अपनी बालिकाओं कोबाहरन ही निकलने देतें है और कम उम्र में ही उनकी विवाह कर देते है। आज भी महिलाएं पुंरूषो से नजर सेनजर मिलाकर काम नहीं कर सेकते है उनकी नजर में महिला सिर्फ महिला ही है। और पुरूषों का मात्र वासनात्मक लक्ष्य बना हुआ है। इस दृष्टि से परिवर्तन अपरिहार्य ही है।

गोस्वामी तुलसी दास ने भी अपने रामचरित मानस के द्वारा इस तथ्य की पुष्टी की है। महिलाओं में अद्वितीय क्षमता मायी जाती है। इन्होने भक्ति साहित्य राजनिति शिक्षा विज्ञान तकनिकी चिकित्सा सेना इत्यादि सभी महत्वपुर्ण क्षेत्रो में जाकर अपनी अद्भुद प्रतिभा का अनोखा परिचयदिया। आज महिलाओं को पहचानने की आवश्यकता है। ये सब कुछ कर सकती है।एक ओर बहुत अच्छी व्यवस्था कर सकती हतोदूसरी ओर समाज में क्रान्ति भी ला सकती है।
पुरूषों की सेवा करने में सक्षम है तो पुरूषों को झुकानेऔर उनसे अपनी सेवा कराने की क्षमताभी रखती है। यह सब कुछ कर सकती है।

विवाह मुलक परिवारों में स्त्री की भिन्न–भिन्न प्रस्थिति होती है। उदहारण के लियें बेटी, पत्नी, बहु, माँ इत्यादि। इन परिस्थितियों से सम्बधित भूमिकाओं का निर्वाह करना होता है एवं प्रत्येकभुमिका निर्वाह क समय उनसे समपर्ण एवं भेदभाव की भावनाक की अपेक्षा की जाती है। वहाँभी उसे निम्न परिस्थिति प्राप्त होती है एवं उनका कोई प्रथ्थक एवं स्वतंत्र अस्तित्व नही रह जाता है इस प्रकार स्त्रियो की परिस्थितियों में उतार चढ़व अचानक परिलक्षित नही हुआ अपितु यह एक कमिक प्रकिया का परिणाम है। समाज में जैसे–जैसे परिवर्तन व बदलाव आते गये वैसे–वैसे स्त्रियों की स्थिति में परिवर्तन होते गयें।

दुबे ने भारत वर्ष में पुरूषों और महिलाओं की विभिन्न भूमिकाओं को प्रकाशित करने का महत्वपूर्ण प्रयास किया गया है। जब व्यक्ति की भुमिकाएं अनेक हो जाती है तो उन भुमिकाओं मेंकभी–कभी संघर्ष की स्थिति आ जाती है व्यक्ति अपनी सभी भुमिकाओं का पूर्ण और यथोचित निर्वाह नही कर पाता जिन महिलओं को घर के भीतर और बाहर कार्य करना पड़ता है वे न तो घर में न ही घर के बाहर अपने दायित्वों का पूर्ण रूपेण पालन कर पाती है।

शिक्षित महिलओं की वैवाहिक समस्या का अध्ययन मित्र (१९८०) द्वारा प्रस्तुत किया गया है। ग्रामीण समाज की शिक्षित लड़कियों के लिये उचित वर नहीं मिल पाता जो मिलता भी है उसकी मांग इतनी अधिक होती है कि लड़की के पिता उन मांगो को पुरा करने में असमर्थ होते है। वैवाहिक समस्या एक ज्वलंत समस्या है। आज की शिक्षित महिलायें जिसका शिकार है।

डॉ॰ कपूर के अनुसार 'आज की पढ़ी–लिखि महिलायें भी ऊपर से तो स्वतंत्रता का झुठा लिबास पहन लेती है लेकिन अपनी ही आंतरिक स्वतंत्रता के बारे में बेखबर है। आंतरिक स्वतंत्रता का जज्बा तब तक उनका बाहरी तौर पर स्वतंत्र दिखान मायने नहीं रखता। अतः उसे अपने अधिकारों को समझाकर सीमा मे रहतें हुए उनका सदुंपयोग करना चाहिए। जब तक किसी महिला को अपनी किसी जिन्दगी में महत्वपूर्ण निर्णय लेने की आजादी नही मिलती तब तक उसे स्वतंत्र नही माना जाता।

अध्ययन की आवश्यकताः–

समाजशास्त्र में प्राय महिलाओं की शिक्षा सशक्तीकरण स्वतंत्रता तथा अधिकार पर विगत वर्षों से शोध कार्य संपन्न किये जा चुके है और वर्तमान में भी जारी रहे, लेकीन भारतीय समाज मेंमहिलाओं की स्थिति एवं सामाजिक समस्याओं से सम्बन्धित शोध कार्य कम ही रहे।
अतएव प्रस्तुत शोध समाज में महिलाओं की स्थिति पर आधारित है। महिलाओं में अपने अधिकार के प्रति, शिक्षा के प्रति जागरूक करने से सम्बन्धित व्यवहार का एक सामाजिक चित्रण है।
यह अध्ययन इस दिशा में एक छोटा सा प्रयास है जिससे हम समाज में व्याप्त असमानता, असामाजिकता एवं महिलाओं की समस्याओं को समाज के सामने प्रस्तुत कर सकें।

शोध प्रारूप एवं प्रविधि:

१. अध्ययन का क्षेत्र:

अध्ययन के लक्ष्य को दृष्टिगत रखते हुए ओडिशा प्रदेश के जिला गंजाम के बादी आमगाँव ग्राम पंचायतका चयन उद्देश्य पूर्ण निदर्शन विधि से किया गया है। क्योंकि शोधार्थी यहां की सभी तरह केपरिस्थितियों से परिचित है। क्षेत्र का निवारण उसकी प्राकृति पर निर्भर करता है। शोध के अध्ययन हेतु समस्या का चयन उसकी उद्देश्यों के निवारण मे अध्ययन क्षेत्र का चुनावकरना होता है। जिसके द्वारा वहाँ के निवासियों की सामाजिक, आर्थिक स्थिति उनकी समस्यायें एवं शैक्षणिक पृष्ठभुमि के बारे में जानकारी प्राप्त की जायेगी। चयनितक्षेत्र की महिलाओं के सभी आवश्यक तत्वों को ध्यान में रखा गया है।

२ अध्ययन का प्रारूप :

प्रस्तुत अध्ययन के उद्देश्यों को समाजशास्त्रीय दृष्टि से देखते हुए अन्वेषणात्मक तथा विश्लेषणात्मक शोध प्रारूप का प्रयोग किया गया है। ऐसे शोध प्रारूप का सम्बन्ध प्राथमिक शोध से है जिसके अन्तगर्त समस्या के विषय में प्राथमिक सूचनाएँ प्राप्त कर भावी अध्ययन की आधारशिला प्राप्त की गई अन्वेषणात्मक शोध प्ररूप एक ऐसा माध्यम है जिसके द्वारा घटनाओं में व्याप्त नियमितता एवं श्रृंखला बध्दता को प्राप्त किया गाया जसमें नवीन तथ्यों या सूचनाओ को उद्घाटित किया गया।

३ उपकल्पना:—

सामाजिक शोध को वैज्ञानिक स्वरूप देने हेतु उपकल्पना का निर्माण अति आवश्यक हो जाता है। उपकल्पना सामाजिक शोध को एक आधार प्रस्तुत करता है, जिनके द्वारा सामाजिक शोध को एक दिशा तथा वैज्ञानिक स्वरूप मिल जाता है।

१. महिलाओं में अपने अधिकारों की जानकारी का अभाव होगा।
२. महिलायें समाज में अपनी स्थिति अज्ञान होगी।
३. समाज में अनेक समस्याओं से ग्रसित होगी ।
४. परिवार में निर्णय निर्धाण के अधिकार नही होगा।
५. महिलाये पारम्परिक रिति—रिवाज की वजह से शिक्षा से वंचित होगी।

४. अध्ययन का उद्देश्य:—

सामाजिक शोध का का सबसे महत्वपूर्ण चरण उद्देश्य निर्धारण है जिनके आधार पर सामाजिक शोध को वैज्ञानिक बनाने के साथ एक दिशा प्रदान की जाती है। प्रस्तुत शोध के उद्देश्य निम्नलिखित है—

१. महिलाओ की सामाजिक आर्थिक समस्याओं का अध्ययन करना।
२. महिलाओ को परिवार उत्तराधिकार प्राप्त न होना उत्तरदायी कारणों की विवेचना करना।
३. महिलाओं को शिक्षा के प्रति जागरूक करना।
४. महिलाओं की स्थिति समाज में किया है जानकारी प्राप्त करना।
५. एक समाज में महिलाओं को किस रूप में दर्जा दिया गया है महिलाओं की वर्तमान स्थिति किया है उसके बारे में पता लगाना।

निदर्शन:—

समग्र, परिदर्श एवं निदर्शन— प्रस्तुत अध्ययन में ओडिशा गंजाम जिले के बादी आमगांव ग्राम पंचायत के विशेष सन्दर्भ में महिलाओं की समस्याएं एवं उनकी स्थिति पर समाजशास्त्रिय अध्ययन किया गया है। उत्तरदाता के रूप में महिलाओं की समस्याएं एवं उनकी स्थिति से

'Aadhar' International Peer-Reviewed Indexed Research Journal
Impact Factor - (SJIF) -7.675, Issue NO, 291 (CCXCI) F
ISSN : 2278-9308
April, 2021

सम्बन्धित कुछ लोगों का चुनाव किया गया है। शोध अध्ययन में सरल दैव निदर्शन का प्रयोग किया गया है।

तथ्यों का संकलन:—

प्रस्तुत अध्ययन में तथ्यों के संकलन हेतु साक्षात्कार विधि एवं तरिको का प्रयोग किया गया है साक्षात्कार अध्ययन के समय मैने कुछ उत्तरदाताओं से सम्पर्क किया तथा यह जानने का प्रयास किया कि प्रसित महिलायें अपनी समस्यांओं का निवारण किस प्रकार करते है। इसके अतिरिक्त मैने व्यक्तिगत अध्ययन तथा पूर्ण निर्धारित तथ्यों के संकलन के लिये मैने ४० उत्तरदाताओं का चुनाव किया।

उद्देश्य की पुर्ति तथा तटस्थता हेतु कुछ द्वितीयक तथ्यों को भी सम्मलित किया गया है। द्वितीयक तथ्य जैसे अध्ययन विषय से सम्बन्धित प्रकाशित तथा अप्रकाशित साहित्य, शोध सम्बन्ध, सरकारी अभिलेखों से भी महत्वपुर्ण सामग्री संकलित किया गया है।

तथ्यों का विश्लेषण:—

तथ्य संकलन, वर्गीकरण तथा सारणीयन के उपरान्त तथ्यों का विश्लेषण एवं व्याख्या की गई है। तथ्यों के सारणीयन तथा विश्लेषण हेतु कुछ सांख्यिकीय प्रविधियों का भी प्रयोग किया गया हैं।

निष्कर्ष:—

समाज में महिलायें की स्थिति दयनिय होती हुई भी अपने आपको परिवर्तन करने में सक्षम रहेहै। आज महिलायें समाज में पुरूष वर्ग के साथ कंधे से कंधे मिलाकर काम कर रहे है। आजादी के पुर्व महिलाओं की स्थिति दयनिय एवं सोचनिय थी समाज में उनका शोषण किया जाता था वे घरेलू कार्यों तक हि सिमित थी शिक्षा का अधिकार नहीं था परन्तु स्वतंत्रा के बाद महिलाओं को भी मानव अधिकार प्राप्त हुवा विकास के कई मुद्दे पर भाग लियें शिक्षा तथा कल्याणकार्यक्रमों का सुप्रभात दिखाई दिया, महिला सशक्तिकरण का विकास हुआ अधिकारों और समानता के प्रति जागरूकता के विकास की झलक मिलने लगी।

सन्दर्भ ग्रंथ सुचि:—

१ मीनाक्षी मुखर्जी : रियलिटी एण्ड रियलिज्म, इंडियन वुमेन ऐज प्रोटेगनिस्ट्स इन फोर नाईटीथ सेंचुरी नावेल्स, इकोनामिक एण्ड पॉलिटिकल वीकली १८८४

२ राम अहूजा : भारतीय समाज , रावत पब्लिकेशन, नई दिल्ली २००२

३ गोविन्द केलकर : इम्पेक्ट ऑफ ग्रीन रिवोल्यूशन, आन विमेन्स वर्क पार्टिसिपेंस एण्ड सेक्स सेंटर फार पोलिसी रिसर्च, नई दिल्ली १८८९

४ क्लोरिस बदर द्वारा वूमन इन ऐन्शन्ट इण्डिया, ट्बनर्स ओरिएंटल सीरीज रौत्लेदगे, २००१